जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, बुधवार 25 जनवरी, 2023



## विचार बिन्दु

कार्य ही सफलता की बुनियाद है। –पाब्लो पिकासो

# इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से बढ़ता रुझान

क्या भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने का सही समय आ गया है? ये सवाल इन दिनों हर उस शख़्स के मन में आता है जो नई गाड़ी खरीदने की सोच रहा होता है। कुछ लोग उन्हें यह सलाह देते हुए मिल जाते हैं कि हैं कि आने वाला समय इलेक्ट्रिक गाड़ियों का ही है तो उसी पर खर्च करो। वहीं कुछ लोग ऐसी सलाह देते हुए भी मिल जाते हैं कि इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए अभी देश तैयार नहीं है और इसे खरीदने पर कई मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। मगर यह सच है कि अब सड़कों पर ट्रेफिक में काफी संख्या में बिजली से चलने वाले वाहन नज़र आने लगे हैं। शहरों में इलेक्ट्रिक रिक्शाओं की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। महंगी कारें ही नहीं बैटरी से चलने वाले छोटे स्कूटर भी लगातार अपनी बढ़ी हुई उपस्थिति दर्शा रहे हैं। अब यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में देश में पेट्रोल और डीज़ल के वाहनों का स्थान इलेक्ट्रिक वाहन तेजी से लेंगे। इसके लिये वाहन उद्योग और उपभोक्ता दोनों तैयार लग रहे हैं। उद्योग जगत का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक देश में कुल वाहनों की बिक्री में बैटरी से चलने वाले वाहनों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत तक हो जाएगी। अधिकृत आंकड़ों के अनुसार अभी देश में बैटरी से चलने वाले करीब 14 लाख वाहन सड़कों पर हैं। राजस्थान में भी 82 हजार से अधिक ऐसे वाहन चल रहे हैं। भारी उद्योग के राज्य मंत्री ने पिछली बार राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया था कि 3 अगस्त 2022 तक भारत में सबसे ज़्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल के तौर पर थ्री–व्हीलर यानी ई–रिक्शा मौजूद हैं, जिनकी संख्या तब क़रीब 8 लाख थी। उसके बाद टू–व्हीलर का नंबर आता है जो पांच लाख से ऊपर है, और फिर चार पहियों वाली गाड़ियां आती हैं, जो 50 हज़ार से थोड़ी ज़्यादा संख्या में इस्तेमाल हो रही हैं। उत्साहवर्धक आंकड़े बताते हैं कि वित्तीय वर्ष 2021–22 में देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल की बिक्री उसके पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले तीन गुना बढ़ी। जलवायु और पर्यावरण संरक्षण तथा कार्बनिक ईंधन के कम होते स्त्रोतों के चलते दुनिया भर में पेट्रोल और डीज़ल के वाहनों की जगह इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को अपनाने के प्रयास चल रहे है। इन प्रयासों में बिजली से चलने वाले वाहनों की क्षमता बढ़ाने और उन्हें उपभोक्ताओं को वाजिब दाम पर मुहैया कराना शामिल है। बिजली से चार्ज होकर चलने वाले वाहनों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिये केंद्र सरकारने पिछले काफी समय से क्रमवार अनेक कदम उठाये हैं। इनमें एक है इलेक्ट्रिक व्हीकल पर लगने वाले जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया जाना। इसके अलावा चार्जिंग स्टेशनों की जगहों का चयन और उनके लिये स्थानीय निकायों के नियमों की व्यवस्था करना और बैटरी स्वेपिंग के विकल्प की संस्थानिक व्यवस्थाएं करना भी शामिल है।

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों से जुड़े आंकड़ों के साथ ही उन परेशानियों और चुनौतियों की भी चर्चाएं हो रही हैं हमारे सामने खड़ी हैं। इलेक्ट्रिक गाड़ियों की क़ीमत पेट्रोल या डीज़ल गाड़ियों की तुलना में ज़्यादा होती है। भले ही सरकार इन पर अलग–अलग तरह की रियायतें दे रही है, लेकिन फिर भी इन्हें खरीदने के लिये ठााहक को पेट्रोल–डीज़ल की गाड़ियों के मुकाबले अधिक दाम देने पड़ते हैं। बाज़ार के विशेषज्ञों का कहना है कि जब बिजली से चलने वाले वाहनों की बिक्री बढ़ेगी और प्रतिस्पर्धा आएगी तब उनके दाम कम होंगे क्योंकि बाज़ार की ताकतें कम मुनाफे पर अधिक संख्या में माल बेच कर कुल लाभ अधिक कमा लेती हैं। इसके अलावा इन वाहनों पर उत्पादन लागत भी समय के साथ कम होने की आशा की जा सकती है। इलेक्ट्रिक गाड़ियों में लीथियम आयन बैट्रियों का इस्तेमाल किया जाता है। बताया जाता है कि ये बैट्रियां छह से सात साल तक ही चल पाती हैं। इसके बाद इन्हें बदलना पड़ता है। बैट्रियों का कम जीवन काल ऐसे वाहन खरीदने वालों के मन में संशय पैदा करता हैं। दरअसल एक बैट्री की कीमत किसी इलेक्ट्रिक गाड़ी के तीन–चौथाई रकम के बराबर होती है।

**बिजली से चार्ज होकर चलने वाले वाहनों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिये केंद्र सरकार ने पिछले काफी समय से क्रमवार अनेक कदम उठाये हैं। इनमें एक है इलेक्ट्रिक व्हीकल पर लगने वाले जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया जाना। इसके अलावा चार्जिंग स्टेशनों की जगहों का चयन और उनके लिये स्थानीय निकायों के नियमों की व्यवस्था करना और बैटरी स्वेपिंग के विकल्प की संस्थानिक व्यवस्थाएं करना भी शामिल है।**

हालांकि सरकार ने पिछले साल प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना को मंज़ूरी दी थी। यह योजना देश में एडवांस केमिस्ट्री सेल (एसीसी) के निर्माण के लिए लाई गई, जिससे बैट्री की कीमतों को कम किया जा सके। देश में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए चार्जिंग स्टेशन की भारी कमी अभी देखने को मिलती है। जिस तरह हमें हर हाइवे या सड़क पर पेट्रोल पंप दिख जाते हैं, उसके मुकाबले चार्जिंग स्टेशन बहुत ही कम जगहों पर मिलते हैं। यह स्वाभाविक ही है क्योंकि अभी बिजली से चलने वाले वाहनों की संख्या कम है। भारत सरकार के मुताबिक देशभर में इस समय 1740 पब्लिक चार्जिंग स्टेशन चल रहे हैं। कई बार यह सुझाव दिया जाता है कि पेट्रोल पंप पर ही इलेक्ट्रिक गाड़ियों को चार्ज करने की सुविधा भी दी जानी चाहिए। लेकिन इसमें एक बड़ी चुनौती यह है कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों को चार्ज करने में एक से पांच घंटे का समय लगता है। ऐसे में बिजली के वाहनों को चार्ज करना किसी गाड़ी में पेट्रोल, डीज़ल या सीएनजी डलवाने जितना तेज़ी से नहीं हो सकता। इसके अलावा घर पर वाहन की बैट्री को चार्ज करने में भी अलग तरह की चुनौतियां हैं। आमतौर पर दोपहिया गाड़ियों या ई–रिक्शा की बैट्री को लोग घरों में ही चार्ज करते हैं। इसमें लंबा वक़्त लगता है इसलिये सुबह गाड़ी तैयार रखने के लिए उसे रात में चार्ज पर लगा दिया जाता है। चार्जिंग स्टेशन की कमी के साथ ही गाड़ियों की रेंज को लेकर भी ड्राइवरों के मन में डर पैदा होता है। अक़्सर लंबी दूरी तक गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कम रेंज से परेशान होते दिखते हैं। लेकिन अब धीरे–धीरे तकनीकी कुशलता से यह रेंज बढ़ाई जा रही है। ब्यूरो ऑफ़ एनर्जी एफिसिएंसी के मुताबिक दोपहिया इलेक्ट्रिक गाड़ियों की रेंज 84 किलोमीटर प्रति चार्ज बताई गई है। वहीं चौपहिया इलेक्ट्रिक गाड़ियों की औसत रेंज 150 से 300 किलोमीटर प्रति चार्ज बताई गई है। सरकार का कहना है कि बेहतर बैट्री और ज़्यादा चार्जिंग स्टेशन लगवा कर इस समस्या को दूर किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक गाड़ियों में हर कंपनी अपने अलग–अलग चार्जिंग पोर्ट देती है। इससे इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए यूनिवर्सल चार्जिंग सिस्टम बनाने में बड़ी दिक्कत होती है। भारत के ईवी मार्केट में अभी भी चार्जिंग पोर्ट के लिए कोई एक मानक तय नहीं किया गया है। यह दिक्कत सबसे ज़्यादा दोपहिया इलेक्ट्रिक गाड़ियों दिखती है जहां अलग–अलग तरह की बैट्री और उनके अलग–अलग चार्जिंग पोर्ट बाज़ार में मिलते हैं। आने वाले समय में सरकार या बाज़ार स्वयं ऐसा मानक बना सकते हैं। वैज्ञानिक बताते हैं कि गाड़ियों की परफॉर्मेंस में मौसम और तापमान का भी बड़ा योगदान होता है। बिजली के वाहनों के लिये तो मौसम तथा तापमान और ज़्यादा बड़े फैक्टर बन जाते हैं। सामान्यतौर पर किसी इलेक्ट्रिक गाड़ी के बेहतर परफॉर्मेंस के लिए औसत तापमान की रेंज 15 से 40 डिग्री सेल्सियस मानी जाती है। लेकिन भारत में जहां पहाड़ी इलाकों में तापमान बेहद नीचे गिर जाता है तो वहीं पश्चिमी इलाकों में तापमान बहुत ऊपर रहता है। ऐसे में पूरे देश के लिए एक तरह की इलैक्ट्रिक गाड़ियों से काम नहीं चल सकता। मगर बढ़ते प्रदूषण और तेल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए यह तो तय है कि आने वाला समय इलेक्ट्रिक गाड़ियों का ही है।

बिजली से चलने वाहनों का समय आ गया है इसका प्रमाण है कि ऐसे वाहन दुनिया भर में अपना स्थान बनाने लगे हैं। उपलब्ध आंकड़ों और उनके आधार पर लगाए गये अनुमानों के अनुसार, इलेक्ट्रिक–वाहन की दुनिया भर में बिक्री ने पिछले साल एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया है। उसने पहली बार लगभग 10 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली। कुल बाजार में बिजली से चलने वाले वाहनों का हिस्सा मुख्यत: यूरोपीय संघ और चीन में बढ़ रहा है। पिछले साल इलेक्ट्रिक वाहनों की वैश्विक बिक्री लगभग 7.8 मिलियन यूनिट थी, जो उसके पिछले वर्ष से 68 प्रतिशत अधिक थी। इस परिवर्तन के दौर में भारत भी पीछे नहीं है जहां इन वाहनों के निर्माण और बिक्री में तेजी आ रही है। इसके लिये सरकारी स्तर पर जो प्रारम्भिक तैयारियां की गई है वह भी मददगार साबित हो रही है। नयी तकनीक वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और संचालन के लिये कानूनों में आवश्यक संशोधन किये गये हैं तथा उनकी बिक्री को प्रोत्साहन देने के लिये अनेक उपाय किये गये हैं। आम तौर पर आधारभूत ढांचा तैयार करने में शासन तंत्र बहुत धीमे काम करता है किन्तु यह जानना सुखकर है कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की व्यवस्थाएं करने में बेहद त्वरित गति से भविष्य को ध्यान में रख कर काम हुआ है। उधर निजी निर्माण क्षेत्र भी पीछे नहीं है और वह भारतीय ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिये तत्पर है। बाजार की प्रतिस्पर्धा भी इन वाहनों की गुणवत्ता तो सुनिश्चित करेगी ही साथ ही उनके दामों पर भी नियंत्रण रखेगी। बाजार के समीक्षकों का कहना है कि आने वाले समय में जब वाहनों की बिक्री का वॉल्यूम बढ़ेगा उससे भी इनके दामों में कमी आएगी। यह सभी के लिये लाभ का सौदा होगा और पर्यावरण के संरक्षण में एक लंबी छलांग भी होगी और इसमें भारत अग्रिम पंक्ति में खड़ा मिल सकता है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# बाजरा सहित मोटे अनाज की विदेशों में करनी होगी एग्रेसिव मार्केटिंग



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**जंक** फूड के जद में आए दुनिया के देशों को मोटे अनाज का महत्व समझाने की पहल तो भारत ने 2018 को कदन्न वर्ष मनाकर ही कर दी थी और उसी का परिणाम रहा कि मार्च, 2021 में भारत द्वारा मोटे अनाज के महत्व को एक बार फिर समझाने के लिए 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित करने का प्रस्ताव रखा तो दुनिया के 72 देशों ने भारत के प्रस्ताव का समर्थन किया। अब योजनावद्ध तरीके से विदेशों में भारत के मोटे अनाज के निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयास शुरु कर दिए गए हैं। दिसंबर में रोम में अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष का आगाज हो चुका है। विदेशाी धरती पर बायर सेलर मीट जैसे आयोजन आरंभ कर दिए गए हैं। उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच सीधा संवाद कायम करने की कार्ययोजना पर अमल शुरु हो गया है। दरअसल अब लोगों को समझ आने लगा है कि कुपोषण के खिलाफ मोटा अनाज हथियार के रुप में उपयोग में लाया जा सकता है तो दूसरी और हाइपरटेंशन और शुगर जैसी बीमारियों में भी मोटा अनाज कारगर सिद्ध हो सकता है।

वह दिन दूर नहीं जब दुनिया के देश हमारे बाजरे के स्वाद से रुबरु होने लगेंगे। आज मोटे अनाज को देश और विदेश दोनों ही जगह लोकप्रिय बनाना शुरु हो गया है। अब भारत के मोटे अनाज खासतौर से बाजरा को दुनिया के देशों में पहुंचाने की पहल आरंभ हुई है। सरकार ने विदेशों में मोटे अनाज को लोकप्रिय बनाने और बाजरा आदि के निर्यात को बढ़ाने का पूरा रोडमैप तैयार कर क्रियान्वयन आरंभ कर दिया है। एपिडा सहित अन्य निर्यातक संस्थाओं द्वारा इसके लिए संयुक्त प्रयास किए जा रहे हैं तो विदेशों में रोड़ शो, फूड फेस्टिवल, कॉन्क्लेव आदि के आयोजन से मोटे अनाज से बने उत्पादों से विदेशियों को आकर्षित करने और निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयास शुरु हो गए हैं। दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सांसदों को मोटे अनाज से तैयार व्यंजनों से लंच दिया जा चुका है। अन्य आयोजनों में भी मोटे अनाज से तैयार व्यंजनों को भी प्रमुखता से स्थान दिया जा रहा है। बाजरा व अन्य मोटे अनाज और उनसे तैयार उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाजार तैयार करने की सकारात्मक शुरुआत हुई है जिसके परिणाम प्राप्त भी होने लगे हैं।

यही कोई चार–पांच दशक पुरानी बात होगी। संदर्भ तो राजस्थान से ही ले रहा हूं पर कमोबेस यही स्थिति देश के अन्य प्रदेशों में भी रही होगी। जब घर पर कोई मेहमान आता था या तीज त्यौहार होता था तभी घर में मीठे के रुप में चांवल और गेहूं की चपाती बना करती थी। अन्यथा दिन–प्रतिदिन का खाना तो सर्दियों में बाजरा–मक्का की रोटी, बाजरा की राबड़ी या मक्का का दलिया या गर्मियों में जौ का दलिया और इसके साथ इसी तरह से मोटे अनाज की रोटी और हरी सब्जियां, कढ़ी जिसे गांव देहात की बोली में खाटा कहकर पुकारा जाता था बड़े चाव के साथ के खाते थे। फिर एक दौर चला जब मोटे अनाज की जगह गेहूं ने ले ली और फिर आज तो लोग गेहूं चांवल को भी छोड़कर जंक फूड पर जोर देने लगे हैं जिसके परिणााम साफ–साफ दिखाई देने लगे हैं। दवाइयों के सहारे जीवन गुजरने लगा है तो इम्यूनिटी भी बुरी तरह से प्रभावित होने लगी है। खैर यह तो रही एक बात।

अब यदि हम खेती किसानी की भी चर्चा करें तो देखेंगे कि मोटे अनाज की खेती कम लागत और कम पानी की खेती होती है। अब वह चाहे बाजरा हो, मक्का हो, रागी हा, ज्वार हो या और इसी तरह का मोटा अनाज। दूसरी बात यह कि इनमें रोग भी कम लगते हैं तो जहरीले कीटाणु नाशकों का उपयोग भी ना के बराबर ही होता है। इस सबके बावजूद एक बात और मोटे अनाज का रकबा धीरे–धीरे घटने के बावजूद यदि बाजरे की ही बात करें तो सारी दुनिया में उत्पादित कुल बाजरे का 41 फीसद बाजरा हमारे देश में उत्पादित होता है। राजस्थान में तो बाजरा खरीफ की प्रमुख फसलों में से एक है। आज सभी राजनीतिक दल और किसान समर्थक संगठन किसानों की आय बढ़ाने की बात कर रहे हैं। तो यह भी साफ हो जाना चाहिए कि मोटे अनाज के निर्यात की मार्केटिंग सही तरीके से होती है और इसके उत्पादों को बााजार में आक्रामक रणनीति के साथ उतारा जाता है तो अंततोगत्वा इसका फायदा किसान को ही जाना है। यह अपने आप में कटु सत्य है।

अन्तरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष का फायदा उठाने के लिए नई रणनीति के अनुसार आगे बढ़ना होगा। हांलाकि सरकार ने दक्षिण अफ्रिका, दुबई, जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, जर्मनी, अमेरिका, इंग्लैण्ड सहित विदेशों में रोड़ शो, प्रदर्शनी, फूड फेस्टिवल आदि आयोजित करने का रोडमेप तैयार किया गया है। निश्चित रुप से इसके परिणाम सकारात्मक ही प्राप्त होंगे। क्योंकि कदन्न वर्ष के बाद जिस तरह से 2021–22 में जिस तरह से बाजरा के निर्यात में 8 प्रतिशत से भी अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है उससे यह साफ हो जाता है कि विदेशों में बाजरा सहित भारतीय मोटे अनाज की मांग बढ़ेगी और इसका लाभ देश के किसानों को भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से मिलेगा। अब सरकार को मोटे अनाज का रकबा बढ़ाने, रोगरोधी व कम समय व कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाले किस्में विकसित करने जैसे ठोस कदम भी उठाने पडेंगे जिससे देशी और विदेशी दोनों स्तर पर लाभ मिल सके।

**–डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## ग्राम पंचायत घटोर व भाखरिया में बिजली संकट

- **बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की भी पढ़ाई बाधित हो रही है**
- **घटोर के ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर समस्या बताई**

**बाप,** (निसं)। जोधपुर जिले में बाप समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत घंटोर व भाखरियां में बीते डेढ माह से बिजली समस्या से ग्रामीण बेहद परेशान है। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की भी बिजली के अभाव में पढ़ाई बाधित हो रही है।

घटोर के ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि घटोर में करीब डेढ महीने से विद्युत सप्लाई अनियमित बनी हुई है। जिसके कारण विद्यार्थियों के साथ आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सुबह पांच बजे ही बिजली चली जाती है। दिन में भी लंबे समय तक बिजली सप्लाई बाधित रहती है। शाम के समय भी सुचारू रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए बताया कि डिस्कॉम कार्यालय में संपर्क करने पर संतोषजनक जवाब तक नहीं दिया जा रहा है। अगले माह 10 वी व 12वी की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होगी। जिसकी तैयारी को लेकर बच्चों ने पढाई शुरू कर दी है, लेकिन बिजली के अभाव में उनकी पढाई भी बाधित हो रही है।

इस दौरान बालमद्दीन, शिबू खां, शैतानराम, मजीद खां, सदीक, हुजुर, अयूब, मेहरदीन, आरूफ, अश्कर आदि मौजूद रहे। इसी तरह भाखरिया के ग्रामीणों ने गांव स्थित जीएसएस पर प्रदर्शन किया तथा डिस्कॉम के एक्सईएन के नाम का ज्ञापन वहां कार्यरत लाइनमैन को सौंपा। सरपंच पेंपो सहित ग्रामीणों ने बताया कि भाखरिया पंचायत में डिस्कॉम ने कृषि कनेक्शन फीडर से ही घरेलू कनेक्शन दे रखे है। इस वजह से आम उपभोक्ताओं को 6 से 7 घंटा बिजली ही मिल पा रही है। यह भी निर्बाध रूप से नहीं मिल पा रही है। इसमें भी बिजली आती जाती रहती है। बिजली के अभाव में लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने कहा कि घरेलू विद्युत लाइन नलकूप लाइन से अलग करके स्थाई समाधान किया जाए, अन्यथा ग्रामीण आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस मौके पर चतुराराम, यासीन, याकुब, बाबूराम, असलम, अकरम, गनीखां, मौलाना जोसफ सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## फाइटर पायलट प्रतिभा पूनिया की घोड़ी पर बैठाकर बिंदौरी निकाली



**भारतीय सेना की लड़ाकू विमान उड़ाने वाली फाइटर पायलट प्रतिभा की बिंदौरी निकाली गई।**

- **सुजानगढ़ में पारीक समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश बोहरा ने अपनी सातवीं पुत्री आईना पारीक की भी घोड़ी पर बैठाकर बिंदौरी निकाली**

**सादुलपुर/सुजानगढ़,** (निसं)। भारतीय सेना की लड़ाकू विमान उड़ाने वाली फाइटर पायलट प्रतिभा निवासी नरवासी हाल राजगढ़ की शादी से पूर्व घोड़ी पर बैठाकर डीजे की देशभक्ति धुनों के साथ बिंदौरी निकाली गई।

पीटीआई चंदगीराम पूनिया के पुत्रों विक्रम व रामनिवास पूनिया ने सर्वोदय स्कूल के पीछे स्थित निवास पर बान दिया एवं बिंदौरी निकाली। इस मौके पर मामा सुनील श्योराण, भाई प्रेम पूनिया, मनजीत पूनिया कृष्ण महड़ा, शिक्षक नेता मनोज पूनिया, कृष्ण गवालिसर व संदीप पूनिया सर्वोदय स्कूल आदि ने भाग लिया। इसी दौरान प्रतिभा के पिता सैनिक छोटूराम पूनिया एवं माता वरिष्ठ अध्यापक उर्मिला पूनिया मौजूद रहे।

वहीं सुजानगढ़ में गोपीनाथ मन्दिर के पास रहने वाले पारीक समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश बोहरा ने अपनी सातवीं पुत्री आईना पारीक की शादी बडे ही धूमधाम से की।

ओमप्रकाश बोहरा ने कहा कि उनके सात पुत्रियां है। जिसकी शादी 26 जनवरी को है। शादी से पहले उन्होंने अपनी पुत्री की घोड़ी पर बिठाकर डी.जे के साथ बन्दौरी निकाली। बन्दौरी में वार्डवासी पण्डित लालचंद कौशिक, राजकुमार पारीक, बीदासर पंचायत समिति प्रधान संतोष मेघवाल, जयश्री दाधीच, कमल दाधीच, गणेश मण्डावरिया ने आईना पारीक को वैवाहिक जीवन की बधाई और शुभकामनायें दी।

# ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 811वें सालाना उर्स की रौनक परवान चढ़ने लगी



**राज्यपाल कलराज मिश्र के प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने मजार शरीफ पर पहुंच कर राज्यपाल की तरफ से चादर पेश की।**

- **राज्यपाल कलराज मिश्र, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के इंद्रेश कुमार व रालोद प्रमुख चिराग पासवान की ओर से चादर पेश**
- **राज्यपाल ने संदेश में प्रदेशवासियों के सुखद स्वास्थ्य, खुशहाली और संपन्नता की दुआ की**

**अजमेर,** (कासं)। विश्व विख्यात सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 811वें सालाना उर्स की रौनक परवान चढ़ने लगी है। धार्मिक रस्मों में अकीदतमंद शामिल होकर सराबोर हो रहे हैं। मंगलवार को उर्स की दूसरी महफिल संपन्न हुई। दरगाह दीवान द्वारा गुसल की रस्म निभाई गई।


राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के इंद्रेश कुमार व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक दल के प्रमुख चिराग पासवान की ओर से चादर पेश की गई। राज्यपाल मिश्र का संदेश आम जायरीन को पढ़कर सुनाया गया। ख्वाजा साहब के उर्स में शरीक होने के लिए पाकिस्तानी जायरीन का दल बुधवार को अजमेर आएगा। ख्वाजा गरीब नवाज के 811वें उर्स के मौके पर नेताओं और अभिनेताओं की ओर से दरगाह में चादर पेश की जा रही है। इस कड़ी में बॉलीवुड की अभिनेत्री सोनिया शर्मा द्वारा चादर पेश की गई, साथ ही सभी कलाकारों की अच्छी सेहत और कामयाबी के लिए दुआ मांगी गई।

मंगलवार को दरगाह के ऐतिहासिक महफिल खाने में दरगाह दीवान की सदारत में दूसरी महफिल में कव्वालों ने ख्वाजा साहब की शान में सूफियाना कलाम पेश किए। देर रात्रि दरगाह दीवान जेनुल आबेदीन अली खान ने ख्वाजा साहब की पवित्र मजार पर गुसल की रस्म अदा की। राज्यपाल कलराज मिश्र की ओर से ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 811 वें सालाना उर्स के मौके पर मंगलवार को दरगाह पर चादर पेश की गई।

अजमेर में राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने मंगलवार को मजार शरीफ पर पंहुच कर राज्यपाल की तरफ से चादर पेश की। उनके साथ परिसहाय स्क्वाड्रन लीडर राहुल भार्गव भी थे। जियारत सैय्यद बारि चिश्ती एवं सैय्यद वसीम चिश्ती ने करवाई। इस दौरान राज्यपाल मिश्र का संदेश भी पढकर उन्होंने सुनाया। राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर अपने संदेश में प्रदेशवासियों के सुखद स्वास्थ्य, खुशहाली और संपन्नता की दुआ करते हुए देश–दुनिया से अजमेर आ रहे जाइरीन को मुबारकबाद भी दी।

ख्वाजा साहब के 811वें सालाना उर्स में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न प्रदेशों बिहार, उत्तर प्रदेश, कोलकाता, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, केरल आदि से बड़ी संख्या में जायरीन के आने का सिलसिला जारी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से 811वें उर्स पर चादर बुधवार को पेश की जाएगी।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### बुधवार 25 जनवरी, 2023

माघ मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र रात्रि 8:05 तक, परिघ योग सांय 6:15 तक, विष्टि करण दिन 12:35 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 2:29 पर मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मकर, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–वृष, बुध–धनु, गुरू–मीन, शुक्र–मकर, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

कुमार योग दिन 12:35 से रात्रि 8:05 तक है। रवियोग रात्रि 8:05 तक रहेगी। आज भद्रा दिन 11:35 तक रहेगी। आज विनायक चतुरथी, श्रीगणेश पूजा और बसन्त पंचमी, पंचक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:59 तक, शुभ 11:19 से 12:34 तक, चर 3:19 से 4:38 तक, लाभ 4:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:58

**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**कर्क**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बढ़ेगा।

**कन्या**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित मामलों में सोच–विचार हो सकता है। उचित परामर्श मिलेगा। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृश्चिक**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**धनु**
घर–परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**मीन**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 17 संख्याः 289 प्रभात जालोर, बुधवार 25 जनवरी, 2023 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

## राहुल गांधी ने सार्वजनिक मंच से दिग्विजय सिंह की टिप्पणी को गलत बताया

### पर, राहुल गांधी ने साथ में यह भी कहा कि, कांग्रेस में आपसी बातचीत से पार्टी के विचार तय होते हैं, भाजपा व संघ की तरह ऊपर से नहीं थोपे जाते

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 जनवरी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि वे कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के "बयान" से पूरी तरह असहमत हैं। ज्ञातव्य है कि पूरी "भारत जोड़ो यात्रा" में गांधी के साथ रहे दिग्विजय सिंह ने 2019 की सर्जिकल स्ट्राइक पर एक अनौपचारिक टिप्पणी की थी।

जम्मू के झज्जर कोटली कस्बे में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने स्पष्ट किया कि दिग्विजय का संदर्भित बयान उनका निजी बयान है। कांग्रेस इसे खारिज करती है क्योंकि "हम अपनी भारतीय सेना का सम्मान करते हैं तथा हम सेना द्वारा किये गये किसी कार्य का साक्ष्य या सबूत नहीं माँगते क्योंकि हमें अपनी सेना पर गर्व है।"

एक प्रश्न के उत्तर में राहुल ने कहा: "हम एक लोकतांत्रिक पार्टी हैं, तानाशाह नहीं। हम अपनी पार्टी को दबाव या जबरदस्ती के सिद्धांतों पर नहीं चलाते, पार्टी के विचार दिग्विजय सिंह के विचार से ऊपर हैं। पार्टी के विचार पार्टी के अन्दर होने वाली चर्चाओं से उद्भूत होते हैं।"

- उन्होंने कहा, "जब पार्टी में बातचीत होती है तो, सब तरह के विचार व मत व्यक्त किये जाते हैं, कुछ विचार गलत और चुभने वाले होते हैं, जैसा दिग्विजय सिंह के प्रकरण में हुआ, पर, उन्हें बात करने का पूरा हक व अवसर मिलता है। पार्टी उनके विचारों से कतई सहमति नहीं रखती, पर डरा-धमका कर उनको चुप नहीं कराया जाता।"
- राहुल गांधी ने यह भी स्पष्ट किया कि, पार्टी दिग्विजय सिंह के विचारों से नाइत्तफाकी रखती है, कांग्रेस पार्टी सेना की बहुत इज़्ज़त करती है तथा अपनी कार्यवाही के लिये सेना को प्रमाण देने की कोई जरूरत नहीं है।
- राहुल गांधी ने जोर देकर दोहराया कि, पार्टी में जब बातचीत होती है, कई अतिवादी व हास्यप्रद बातें भी कही जाती हैं, जैसा कि, दिग्विजय सिंह की टिप्पणी में साफ जाहिर हो रहा है। मुझे खेद है कि, पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के बारे में यह कहना पड़ा है।

उन्होंने और व्याख्या करते हुये कहा कि दिग्विजय सिंह के विचार पार्टी के विचार नहीं है। "हम इस बात को लेकर पूरी तरह से सुस्पष्ट हैं कि सशस्त्र सेनाएं किसी भी काम को असाधारण रूप से अच्छी तरह करती हैं ताकि उन्हें किसी भी कार्य के लिये सबूत देने की जरूरत नहीं होती।"

दिग्विजय सिंह ने भी इस विवाद को समाप्त करने की कोशिश करते हुये कहा, "मेरे मन में अपने सुरक्षा बलों के लिये अपार सम्मान है।"

राहुल गांधी ने कहा, "हमारी पार्टी की संस्कृति है कि हम विचार-विनिमय एवं बातचीत की छूट देते हैं तथा कभी-कभी जब बातचीत होती हैं तो अतिवादी विचारों वाले लोग भी अपने विचारों को व्यक्त करते हैं। इस प्रकार हम बातचीत का माहौल देते हैं। भाजपा और आर.एस.एस. में संवाद नहीं होता। वे बस निर्णय लेते हैं कि ऐसा होगा तथा इसके बाद कोई व्यक्ति उस बारे में कुछ भी नहीं कह सकता। यह सब नोटबंदी की तरह होता है। प्रधानमंत्री एक सुबह उठते हैं तथा कहते हैं कि हम नोटबंदी कर रहे हैं या फिर सब कुछ जी.एस.टी. की तरह होता है, जिसके फलस्वरुप देश की रीढ़ पूरी तरह तोड़ दी जाती है क्योंकि आप संवाद नहीं करते।"

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




## रिजिजू ने भारी आपत्ति जताई सुप्रीम कोर्ट द्वारा जज विशेष की नियुक्ति पर सरकारी आपत्ति को सार्वजनिक करने पर

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 जनवरी। कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच चल रही लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए, केन्द्रीय विधि मंत्री किरेन रिजीजू ने आज इस बात पर कड़ा एतराज जताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने उन उम्मीदवारों पर सरकार द्वारा की गई आपत्तियों को सार्वजनिक कर दिया जिनकी जज के पद पर नियुक्ति के लिये अभिशंसा की गई थी।

पिछले सप्ताह, सर्वोच्च न्यायालय कोलीजियम, जिसके अध्यक्ष मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चन्द्रचूड़ हैं, ने सर्वोच्च न्यायालय की वैबसाइट पर तीन उम्मीदवार की जज के रूप में पदोन्नति पर सरकार द्वारा की गई आपत्तियों के साथ ही, उन आपत्तियों से संबंधित अपने जवाब भी प्रकाशित कर दिये थे।

बड़ी अजीबो गरीब बात है कि जहां एक तरफ मोदी सरकार भरसक कोशिश कर रही है कि उच्चतर अदालतों में जजों की नियुक्तियों के मामले में कार्यपालिका की ही चले तथा इसके पीछे सरकार की दलील है कि कोलीजियम व्यवस्था की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है। वहीं दूसरी तरफ, पारदर्शिता के खिड़की खोले जाने की सर्वोच्च न्यायालय की इस कार्यवाही पर नाराजगी भी व्यक्त कर रही है।

- जजों का जवाब है, एक तरफ तो विधि मंत्री सुप्रीम कोर्ट की जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया पर, पारदर्शी न होने का आरोप लगाते हैं, दूसरी ओर जब जज पारदर्शी होने का प्रयास करते हैं, विधि मंत्री को सुप्रीम कोर्ट के पारदर्शिता अपनाने के प्रयास पर भारी आपत्ति है।
- सरकार द्वारा तीन जजों की नियुक्ति के खिलाफ रॉ व आई.बी. के हवाले से जतायी कई आपत्ति को सार्वजनिक करें या नहीं, इस पर सुप्रीम कोर्ट के जजों में चार दिन तक मंथन चला, सरकार की आपत्तियों को सार्वजनिक किया जाये या नहीं, पर फिर सार्वजनिक करने का निर्णय लिया गया।
- जजों के, इस रॉ व आई.बी. की राय को सार्वजनिक करने के कृत्य से सुरक्षा व गुप्तचर एजेंसियों में भारी हड़कम्प भी मचा। क्योंकि इन दोनों गुप्तचर एजेंसियों की रिपोर्ट सार्वजनिक हो जाने से यह परम्परा स्थापित होगी कि, गुप्तचर एजेंसियों की रिपोर्ट कभी भी सुविधानुसार सार्वजनिक तौर पर उजागर की जा सकती है।
- सरकार का तर्क है, इस कृत्य से गुप्तचर एजेंसियों का मनोबल टूटेगा और वे स्पष्ट रिपोर्ट देने से कतरायेंगी।

सरकार के साथ इस तनातनी के बीच, सर्वोच्च न्यायालय की यह कदम बहुत साहसिक एवं अप्रत्याशित माना जायेगा कि उसने गुप्तचर एजेंसियों- द रिसर्च एंड ऐनेलेसिस विंग (आर.ए.डब्ल्यु.-रॉ) तथा इन्टेलीजैंस ब्यूरो (आई.बी.) द्वारा सरकार को दी गई जानकारियों तथा सरकार की आपत्तियों को सार्वजनिक करना शुरु कर दिया है, किन्तु इस स्थिति में, सरकार भी न्यायपालिका एवं जजों के बारे में टिप्पणी करने में बहुत सावधान एवं सतर्क नहीं रही है।

सरकार की प्रतिक्रिया उस स्थिति में कहीं बहुत ज्यादा विश्वसनीय होती, अगर वह अपने तौर-तरीकों और उद्देश्यों में पारदर्शी रही होती। यह बा मोदी सरकार की हठधर्मिता तथा न्यायपालिका को वश में रखने के अपने उद्देश्य की पूर्ति की निरन्तर कोशिश की पृष्ठभूमि में जयादा सटीक बैठती है जो जों की नियुक्ति में अपनी चलाना चाहती है। मोदी सरकार सत्ता में आने के पहले वर्ष में ही एक विधेयक ले आई थी तथा ऐसा कानून बनाना चाहती थी जिससे जजों की नियुक्ति में कार्यपालिका की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित हो सके। यह विधेयक संसद ने अगस्त 2014 में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दुर्गापुरा के सीडलिंग स्कूल को हाई कोर्ट का नोटिस

जयपुर, 24 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर की एक स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और उसे कक्षा में नहीं बैठाने पर प्रमुख शिक्षा सचिव, डीईओ और सिडलिंग ग्रुप के निदेशक संदीप बख्शी सहित प्रिंसिपल आशु वधावा से जवाब मांगा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश खुशी प्रधान की ओर से अपने पिता के जरिए दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

- कक्षा दस की एक छात्रा को मानसिक प्रताड़ना देने और कक्षा में नहीं बैठने देने पर हाई कोर्ट ने सीडलिंग ग्रुप डायरैक्टर, स्कूल प्रिंसिपल सहित शिक्षा सचिव को भी नोटिस भेजा है।

विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रो-बोनो अधिवक्ता माही यादव ने याचिका में बताया कि याचिकाकर्ता सीडलिंग स्कूल, दुर्गापुरा में कक्षा दस की छात्रा है। स्कूल प्रबंधन की ओर से गत शैक्षिणक सत्र से ही उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। सत्र 2022-23 की उसकी फीस करीब 89 हजार रुपए है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## छात्र संगठन बी.बी.सी. की डॉक्युमैंटरी की पूरे केरल में कई जगह सार्वजनिक स्क्रीनिंग करेंगे

### दूसरी ओर केन्द्रीय सरकार ने बी.बी.सी. की डॉक्युमैंटरी को दिखाने व प्रसारण पर कानूनी रोक लगायी है

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 जनवरी। दक्षिण भारत में, भाजपा विपक्ष के उस अभियान में फँसकर रह गई जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गुजरात दंगों को लेकर चलाया जा रहा है। बी.बी.सी. की डॉक्युमैंट्री के प्रसारण पर रोक लगा दी है। यह तो तय है कि टकराव का मंच तैयार हो गया है तथा केरल भाजपा उस घोषणा के विरुद्ध पूरी ताकत से खड़ी हो गई है, जो सी.पी.आई. की विद्यार्थी शाखा- "स्टूडेन्ट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया" तथा सी.पी.एम. समर्थित "डेमोक्रेटिक यूथ फैडरेशन ऑफ इंडिया" से संबद्ध यूनियनों ने की है। घोषणा में कहा गया है कि वे विवादास्पद बी.बी.सी. डॉक्यूमैन्ट्री को पर्दे पर देखेंगे, भले ही केन्द्रीय सूचना-प्रसारण मंत्रालय ने उस पर रोक लगा दी हों।

डी.वाई.एफ.आई. तथा एस.एफ.आई. ने एक जैसे घोषणाएं की है कि वे पूरे केरल में इस बी.बी.सी. डॉक्युमैंट्री को सिनेमा हॉल में चलायेंगे।

- भाजपा की केरल इकाई भी इस विवाद में कूदी। इकाई का कहना है, जब सुप्रीम कोर्ट पहले ही प्र.मंत्री मोदी पर डॉक्युमैंटरी में लगाये गये आरोपों को खारिज कर चुकी है, तो, उन आरोपों को पुनः चर्चा में लाना उचित नहीं है, इससे उत्तेजना फैलेगी और शांति भंग हो सकती है।

यही बात के.पी.सी.सी. तथा इंडियन यूथ कांग्रेस के प्रतिनिधियों की ओर से भी आ रही है। इन्होंने भी कहा है कि वे केन्द्र सरकार के निर्देशों की अवज्ञा करेंगे तथा डॉक्युमैंट्री को सिनेमा हॉलों में चलायेंगे। डी.वाई.एफ.आई. की तिरुवन्तपुरम शाखा ने कहा है कि वे इस शहर के पूजाप्पुरा में चलायेगी।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यूथ कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष तथा विधायक शफी पराम्बिल ने भी कहा कि उनकी इकाई भी इस डॉक्युमैंट्री को चलायेगी, जिसे भाजपा और केन्द्र सरकार बहुत ज्यादा आपत्तिजनक तथा झूठी कहानी को बयान करने वाली बताया है। भाजपा नेता इस बात का हवाला दे रहे हैं कि सर्वोच्च न्यायालय प्रधानमंत्री मोदी को क्लीन चिट दे चुका है। उनका कहना है कि बी.बी.सी. डॉक्युमैंट्री की विषय वस्तु तथा कथ्य झूठा है तथा विपक्ष इन यूनियनों को शह दे रहा है क्योंकि ऐसा करना उनकी झूठी कहानियों के अनुकूल है। लेकिन, विपक्षी नेता, जैसे केरल यूथ कांग्रेस अध्यक्ष, इस बात को लेकर आश्वस्त है कि मोदी और संघ परिवार को तो ऐतिहासिक तथ्य सदैव शत्रुतापूर्ण लगे हैं। नरसंहार के दिन सत्ता को काम में लेकर ढ़के नहीं जा सकते।

घोषणाओं पर गंभीर आपत्ति जताते हुए केरल के वरिष्ठ भाजपा नेता तथा विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा कि केरल सरकार को राज्य में इसकी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दिल्ली के मेयर का चुनाव फिर टला

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 जनवरी। मंगलवार को दूसरी बार दिल्ली मेयर का चुनाव, आप तथा भाजपा के बीच हंगामे के कारण स्थगित हो गया। गत वर्ष तीन नगरपालिकाओं के एकीकरण के बाद, दस वर्ष में पहली बार "सिंगल मेयर" का चुनाव होना था।

दो सौ नब्बे पार्षदों द्वारा शपथ ग्रहण

- आम आदमी पार्टी और भाजपा के पार्षदों के बीच हुए झगड़े की वजह से नगर निगम के मेयर का चुनाव स्थगित करना पड़ा।

के साथ दिन की शुरुआत हुई। पहले गवर्नर द्वारा मनोनीत पार्षदों ने शपथ ली बाद में अन्य सभी ने। लेकिन कड़ी सुरक्षा के बीच जब सबने शपथ ले ली तब नारेबाजी के साथ हंगामा शुरु हुआ। पीठासीन अधिकारी ने मेयर के चुनाव

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'हम चलते-चलते ही चल बसें'

### कुछ इसी तरह दुनिया से अलविदा करना चाहते थे राजेन्द्र शेखर जिसका जिक्र उन्होंने अपनी एक किताब में भी किया था

-प्रकाश भण्डारी-


जयपुर, 24 जनवरी। राजस्थान पुलिस के महानिदेशक और केन्द्रीय जांच ब्यूरो के निदेशक रहे राजेन्द्र शेखर का मंगलवार को यहां सोनी अस्पताल में निधन हो गया। 88 वर्षीय राजेन्द्र शेखर जहां एक योग्य और निष्ठावान पुलिस अधिकारी थे, वहीं एक सफल लेखक भी थे और उन्होंने दो पुस्तकें अंग्रेजी और एक हिन्दी में लिखीं।

मूलतः भरतपुर के राज परिवार के राजगुरू से सम्बद्ध एक कुलीन ब्राह्मण परिवार में जन्मे राजेन्द्र शेखर की शिक्षा दीक्षा अजमेर के मेयो कॉलेज और दिल्ली के प्रतिष्ठित सेन्ट स्टीफन्स कॉलेज में हुई। उनके पिता रजवाड़ों की समाप्ति के बाद राजकीय सेवा में आ गए थे। उन्होंने सेन्ट स्टीफन से ही अर्थशास्त्र मे एम.ए. किया।

- राजस्थान के पुलिस महानिदेशक और केन्द्र में सी.बी.आई. प्रमुख रहे राजेन्द्र शेखर अपनी नई सोच और निर्भीक कार्यशैली के लिए जाने जाते थे।
- अपने काम में किसी भी प्रकार का राजनैतिक दखल उन्हें नागवार था।
- राजेन्द्र शेखर के प्रयासों की बदौलत 1992 में राजस्थान पुलिस को सशस्त्र सेना की तरह अपना ध्वज मिला।
- 1965 में भारत पाक युद्ध के दौरान भी सीमा पर उन्होंने अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया।

राजेन्द्र शेखर वर्ष 1957 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आई.पी.एस.) अधिकारी थे। दिल्ली में अध्ययन के दौरान ही उनकी मित्रता शीला से हुई और दोनों विवाह सूत्र में बंध गए।

राजस्थान के कई जिलों में पुलिस अधीक्षक रहे राजेन्द्र शेखर 1972 में जयपुर के केन्द्रीय जांच ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक रहे और 1975 में सी.बी.आई. में पदोन्नत होकर उपमहानिरीक्षक बन कर दिल्ली चले गए। सन् 1965 के भारत-पाकिस्तान



स्वर्गीय राजेन्द्र शेखर

युद्ध के दौरान उन्हें जैसलमेर और बाड़मेर में कार्य पर लगाया गया। उस समय सीमा पर उन्होंने युद्ध के दौरान अपनी कुशलता का परिचय दिया। यह वह समय था जबकि भारत-पाक के युद्ध के कारण बड़ी संख्या में पाकिस्तान के सिन्ध क्षेत्र के रहने वाले हिन्दू, जिसमें सोढ़ा राजपूत, भील, कोली, ब्राह्मण और वैश्य समाज के परिवार थे अत्याचारों के कारण पाकिस्तान की सीमा पार कर जैसलमेर और बाड़मेर में बस गए थे। ऐसे लोगों को सुरक्षा प्रदान करने में उन्होंने गहन भूमिका निभाई।

सी.बी.आई. में रहते हुए भ्रष्टाचार और हिंसक घटनाओं, जिसमें हत्या भी शामिल है, की उन्होंने गहन जांच की जिसकी बड़ी प्रशंसा हुई। सी.बी.आई. में दिल्ली में रहते उन्होंने 14 वर्ष के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'पॉक्सो के लम्बित मुकदमों की मार्किंग होगी'

जयपुर, 24 जनवरी (का.सं.)। प्रदेश की पॉक्सो अदालतों में लंबित मुकदमों की समयावधि की जानकारी अब उनकी फाइलों में लगे फ्लैग से हो सकेगी। हाईकोर्ट प्रशासन ने मंगलवार को इस संबंध में गाइड लाइन जारी की है। नई गाइडलाइन के जरिए अब पेंडिंग पॉक्सो केस कितने पुराने हैं उसकी पहचान केस फाइल में लगे तीन रंग यानि येलो, ऑरेंज व रेड फ्लैग के जरिए होगी। पॉक्सो केस की पेंडिंग फाइल में इन तीन रंग के अलग-अलग फ्लैग लगे होने से ही उसकी पहचान हो सकेगी कि

- केस कितना पुराना है, इस आधार पर उसकी लाल, पीले या नारंगी रंग से फ्लैग मार्किंग की जाएगी और केस फाइल पर इसकी लिखित जानकारी दी जाएगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोटपूतली में मास्टर प्लान के नाम पर रंजिश की राजनीति की जा रही है: कर्नल राज्यवर्धन

## देर शाम आजाद चौक में टैण्ट लगाकर धरने पर बैठे व्यापारी



जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने तोड़-फोड़ की कार्रवाई का जायजा लिया।



कोटपूतली में सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने पत्रकारों को सम्बोधित किया।

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे में नगर परिषद् द्वारा कोटपूतली के मास्टर प्लान 2011-31 को लागू करने और सड़क चौड़ी करने को लेकर पुरानी नगरपालिका से आजाद चौक तक कि जा रही संरचनायें तोड़ने की कार्यवाही जारी रही। इस दौरान नगरपरिषद् दस्ता दिन भर पोक्लेंड मशीन व जेसीबी की सहायता से ध्वस्थ संरचनाओं का मलबा उठाने में जुटा रहा वहीं बिजली विभाग भी नई विद्युत लाईन डालने के लिए पोल गाडता नजर आया।

दूसरी और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भी कोटपूतली पहुंचकर विगत रोज प्रशासन द्वारा आजाद चौक स्थित मणी बिदाणी की दुकानों को तोड़ने के मामले में प्रभावित व्यापारी सूर्यकान्त बिदाणी के घर पहुंचकर मामले की जानकारी जुटाई। इस दौरान कर्नल राठौड़ ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि कोटपूतली गृहराज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव का गृह क्षेत्र है बावजूद इसके भी यदि यहां लोगों के साथ इस तरह अन्याय हो रहा है तो गलत है। उन्होंने कहा की कल जो कोटपूतली में हुआ वह सरेआम लोकतंत्र की हत्या है। नगरपरिषद् प्रशासन द्वारा बिना लोगों की सुने ही कोर्ट खुलने से पहले इस तरह रोजी रोटी तहस-नहस करना गलत है।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र में स्वतन्त्र भाव से वोट करने का अधिकार है। लेकिन सरकार बनने के बाद हर एक नागरिक की होती है। उन्होंने कहा कि मुझे दिखा दीजिए कि राजस्थान में यह कैसा कानून है जो कांग्रेस समर्थकों के लिए अलग व भाजपा समर्थकों के लिए अलग कानून है। उन्होंने कहा कि इस तरह की भद्दी राजनीति कांग्रेस कर रही है

- **नगरपरिषद् दस्ते ने दिन भर ध्वस्थ संरचनओं का मलबा उठाने की कार्यवाही रखी जारी**
- **जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने तोड़फोड़ की कार्यवाही से प्रभावित सूर्यकान्त बिदाणी से मिल कर ली घटनाक्रम की जानकारी**
- **सांसद के साथ आजाद चौक पहुंचे प्रभावितों सहित सैंकड़ों लोगों ने किया कार्यवाही का विरोध**

लेकिन भाजपा 16 राज्यों में शासन होते हुए भी सभी को साथ लेकर चलने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यहां महज रंजीश की राजनीति की जा रही है जिसके चलते अधिकारी तानाशाह होकर शनिवार-रविवार को तोड़फोड़ की कार्यवाही को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोटपूतली में ना केवल भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों की आवाज बंद करने की कोशिश की जा रही है बल्कि सीधे तौर पर धमकी देने का तरीका है यह आतंक का ईशारा है। व्यापारियों को खुले आम उनकी प्रोपर्टी तोड़ने व उनके व्यापार को खत्म करने की साजिश है आने वाले समय में जनता करारा जवाब देगी। राठौड़ ने कहा कि हम विकास के साथ है लेकिन मार्ग में आ रही संरचनाओं को हटाने का भी कानूनन तरीका है।

उन्होंने कहा कि ऐसी क्या जल्दी आ गई है कि इस तरह जल्दबाजी कर लोगों को बेघर किया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में ना केवल महिलाओं पर अपितु युवांओं के भविष्य व किसान पर खुलेआम अत्याचार हो रहा है जिसके चलते आज राजस्थान महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के मामले में देश में अग्रणी स्थान पर है। उन्होंने कहा कि सरकार के ऐसे मामलों की सीबीआई जांच होनी चाहिए। कर्नल राठौड़ ने बड़ी संख्या में समर्थकों व प्रभावितों के साथ आजाद चौक पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया वहीं इस दौरान मणी बिदाणी की जगह पर विद्युत पोल गाड रहे विद्युत कर्मियों से भी प्रभावितों की कहासुनी हुई इसके बाद लोगों ने कार्यवाही का विरोध जताया।

कर्नल राठौड़ ने दुरभाष पर उच्च अधिकारियों से बातचीत की इसके बाद भाजपा नेता मुकेश गोयल व व्यापार संघ अध्यक्ष मथैली शरण बंसल, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में मणी बिदाणी परिवार सहित अपनी जमीन पर टैण्ट लगा कर धरने पर बैठ गये। देर रात तक धरना जारी रहा। वहीं धरना स्थल पर भारी मात्रा में पुलिस बल भी तैनात रहा।

# लेकसिटी में छाया कोहरा, जयसमंद झील में स्कूल जा रहे बच्चों की नौका भटकी

## दोपहर तक छाया रहा कोहरा, जीरो विजिबिलिटी के चलते यातायात हुआ प्रभावित

**उदयपुर,** (का.स.)। झीलों की नगरी मंगलवार सुबह 11 बजे तक कोहरे की चादर में लिपटी रही। अल सुबह से छाये कोहरे के चलते कुछ फिट दूर तक का एरिया ही दिखाई दे रहा था। कई स्थानों पर विजिबिलिटी जीरो थी कोहरे के चलते कुछ स्थानों पर दुर्घटनाये भी हो गई। दोपहर 12 बजे तक शहर में धुप आने पर स्थिति सामान्य हो पाई।

मौसम विशेषज्ञों की माने तो उदयपुर संभाग में पश्चिमी विक्षोभ का असर कम से कम दो दिनों तक रहने वाला है, बादलों की वजह से जिले में बूंदाबांदी के साथ मावठे की संभावना भी जताई जा रही है, कोहरे के कारण कई फ्लाइट्स भी रद्द कर दी गई हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अरब सागर से विक्षोभ शुरू होने की वजह से संभाग में हल्की बूंदाबांदी के साथ मावठ के आसार हैं।

मंगलवार सवेरे से ही उदयपुर संभाग के कई हिस्सों में कोहरा फैला दिखा जिसके कारण रेल व हवाई एवं सड़क यातायात प्रभावित हुआ है।वहीं कोहरा छा जाने की वजह से उदयपुर में कई फ्लाइट्स को रद्द करना पड़ा और यहां से यात्रियों को बस में बिठाकर अहमदाबाद एयरपोर्ट तक छोड़ा गया। महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर घने कोहरे के कारण अधिकतर फ्लाइटें डायवर्ट की गईं। कई फ्लाइटें लैंड ही नहीं हो पाईं। एयरपोर्ट पर सुबह विजिबिलिटी कम होने के कारण जयपुर, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद की ओर से आने वाली तमाम उड़ानों को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया अनेक स्थानों पर जीरो विज़िब्लीटी के चलते सभी वाहनों को दिन में भी हेडलाईट का प्रयोग करना पड़ा।

उदयपुर संभाग में छाये गहने कोहरे के चलते कुछ स्थानों पर दुर्घटनाये भी हुई। इन दुर्घटनाओं में कुराबड थाना क्षेत्र में एक बस पलटने से 18 लोग घायल हो गए। कुराबड थाना क्षेत्र के पुठापाना के पास झामरी नदी के समीप एक घाटे में यह बस 20 फिट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद ग्रामीणों की मदद से बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। इसके बाद एबुलेंस की मदद सभी को जगत हॉस्पिटल पहुंचाया गया। घायलों में ड्राइवर और कंटेक्टर भी शामिल हैं यह निजी बस उदयपुर से सेमाल की ओर जा रही थी। कोहरे के चलते दिखाई नहीं देने से तीन पलटी खाते हुए बस खाई में जा गिरी। सूचना पर कुराबड़ थानाधिकारी उमेश कुमार सनाढ्य भी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में गंभीर घायल 6 यात्रियों को उदयपुर रेफ़र किया गया।

इसके अलावा जयसमन्द झील में भी बाबा मगरा के स्कूली बच्चे नाव में सवार हो कर स्कूल जा रहे थे। तभी घने कोहरे की वजह नाव रास्ता भटक गयी करीब दो घण्टे तक भटकने के बाद जब कोहरा छटा तो नाव संचालक ने बच्चो को स्कूल पहुँचाया। इसके अलवा उदयपुर से निम्बाहेडा जा रही एक निजी बस कोहरे के चलते ट्रेलर से जा टकराई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी गनीमत यह रही इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई ।

मौसम वैज्ञानिको के अनुसार अरब सागर से शुरू हुए इस विक्षोभ की वजह से आने वाले 2 दिनों तक घना कोहरा छाया रहेगा, साथ ही पूरे संभाग में हल्की से तेज बारिश भी हो सकती है विक्षोभ की वजह से आज कहीं-.कहीं बूंदाबांदी भी हुई है। ठंड बढ़ने से पारा भी गिरा है लोग ठिठुरन महसूस कर रहे हैं। दो दिनों बाद मौसम खुलने के साथ ही मौसम में परिवर्तन भी होगा।

## निरीक्षण में चार कार्मिक नदारद मिले

**कामां,** (निसं)। कामां मेवात क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगातार चिकित्सकों एवं चिकित्सक कर्मियों के नदारद रहने के मामले में मंत्री जाहिदा खान के निर्देश पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केडी शर्मा ने नोनेरा एवं लेबडा अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं अनुपस्थित पाए कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. केडी शर्मा ने बताया कि कामां ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक सहित चिकित्सक कर्मियों के समय पर नहीं पहुंचने और नदारद रहने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा मंत्री जाहिदा खान को की गई थी। मंत्री जाहिदा खान ने क्षेत्र के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर लापरवाह एवं समय पर नहीं पहुंचने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को प्रातः प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेवड़ा का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौनेरा का निरीक्षण किया गया। वहां भी दो कार्मिक अनुपस्थित पाए गए, जिसके बाद अनुपस्थित कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक दिवस का वेतन रोक दिया गया है। नोटिस का जवाब संतोष पर नहीं होने पर अग्रिम कार्वाई अमल में लाई जाएगी।

# सरहद पर ''ऑपरेशन सर्द हवा'' शुरु, सुरक्षा एजेंसियां चौकस

**बीकानेर,** (निसं)। भारत-पाकिस्तान बार्डर पर इन दिनों सीमा सुरक्षा बल का ऑपरेशन सर्द हवा चल रहा है। अलर्ट के चलते सरहद से लेकर शहर तक सभी सुरक्षा एजेंसियां चौकस हो गई है। शहर में पुलिस ने भी चौकसी को बढ़ा दिया है। पुलिस भी शहर की होटल पर निगरानी बनाए हुए है। पुलिस की टीम हर होटल,धर्मशाला और गेस्ट हाउस की चेकिंग कर रही है। हर आने -जाने वाले पर कड़ी नजर रखी जा रही है। होटल वालों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे बिना आईडी के किसी को भी अपनी होटल में न रुकवाए। दरअसल सरहद पर 28 जनवरी तक हाई अलर्ट करके रखा है ताकि सर्दियों में कोहरे और धुंध की आड़ में कोई घुसपैठ, तस्करी या नापाक हरकत न हो जाए।

भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर शनिवार 21 जनवरी से सीमा सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर है। सरहद पर सीमा सुरक्षा बल का सबसे बड़ा ऑपरेशन शुरू हुआ है जो 28 जनवरी तक चलेगा। इस ऑपरेशन को सर्द हवा का नाम दिया गया है। भारत-पाकिस्तान की सीमा पर चौकसी को बढ़ाया गया है ताकि सरहद पार से कोई भी परिंदा पर ना मार सके। ऑपरेशन के दौरान सीमा सुरक्षा बल के सभी अधिकारी व जवान तारबंदी पर मौजूद रहेंगे और सरहद की रखवाली चौकस निगाहों से करेंगे। सरहद पर हाई अलर्ट के चलते जैसलमेर शहर में भी पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर है।

जैसलमेर एसपी भंवर सिंह नाथावत ने बताया कि पुलिस की टीम लगातार होटल आदि की चेकिंग करके संदिग्धों पर भी नजर रख रही है। पुलिस लगातार हर होटल में जाकर उसका रजिस्टर चेक करके रुकने वालों की जानकारी जुटा रही है। सबको निर्देश दिए गए हैं कि होटल, गेस्ट हाउस व धर्मशाला आदि में बिना आईडी किसी को भी नहीं रुकाए। इसके साथ ही पुलिस संदिग्धों पर भी नजर बनाए हुए है। सरहद से शहर तक सभी सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर है।

## कार ने पूर्व पार्षद को टक्कर मारी

**मालपुरा,** (निसं)। जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाईवे के मालपुरा केकड़ी सड़क मार्ग पर रामद्वारे के पास लोहामंडी में सड़क किनारे से गुजर रहे पूर्व पार्षद माबूद अहमद को केकड़ी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया।

कार की टक्कर से पूर्व पार्षद गंभीर रूप से घायल हो गया। धमाके की आवाज सुन दौड़े व्यापारियों ने घायल माबूद को मालपुरा अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिन्ताजनक होने पर जयपुर रैफर किया गया। मौके पर जमा भीड़ ने कार चालक को दबोच सूचना पर पहुंची थाना पुलिस को सुपुर्द किया। पार्षद के दुर्घटना में घायल होने की सूचना पर बड़ी संख्या में भीड़ अस्पताल व घटनास्थल पर जमा हो गई।

# नशीली गोलियों के साथ एक गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले में हेरोइन के साथ ही नशीली दवा का बड़ा नेटवर्क संचालित हो रहा है। टाउन के सिकलीगर मोहल्ला में एक किराए के मकान से 9 हजार नशीली गोलियों सहित 1 युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक को नशीली दवा घर पर रखने की एवज में 5 हजार रुपए खर्चा मिलता था। उसके घर पर नशीली दवा का स्टॉक करने वाला मुख्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

सीआई दिनेश सारण ने बताया कि ऑपरेशन फ्लश आउट के तहत सूचना मिली कि वार्ड 35 सिकलीगर मोहल्ला में एक व्यक्ति घर पर नशीली दवा का स्टॉक कर बेच रहा है। इस पर पुलिस टीम ने महेंद्र सिकलीगर के किराए के मकान में रहने वाले सुनील कुमार पुत्र भानीराम कुम्हार के घर दबिश देकर तलाशी ली तो बेड में छिपाए 18 डिब्बों में ट्रामाडॉल की 9 हजार टेबलेट बरामद हुई। प्रारंभिक पूछताछ में सुनीलकुमार ने बताया कि बरामद नशीली दवा बबलू सिकलीगर की है, जो नशीली दवाएं बेचता है। बबलू ने ही उसे कहा था कि वह पुलिस की नजर में है और नशीली दवा पकड़ी नहीं जाए इसलिए वह अपने घर पर दवा रख लेगा तो वह उसे हर महीने 5 हजार रुपए देगा। सुनील ने बताया कि वह पहले ड्राइवरी करता था। इस बीच वह मकान में किराए पर रहने वाली सीमा देवी के संपर्क में आया, जो उसे अपना बेटा समझती थी। वह उसके पास ही रहने लग गया। उसकी मुंहबोली मां की पिछले दिनों मौत हो गई। बबलू उसके पास दवा स्टॉक करता और बीच-बीच में आकर ले जाता था।

जिले में नशीली दवाएं दिल्ली, जयपुर, सीकर और जोधपुर के रास्ते आ रही हैं। नशे के सौदागर इन शहरों से अवैध रूप से नशीली दवा का कारोबार कर रहे हैं, जो पार्सल भिजवाने के साथ बसों से भी सप्लाई दे रहे हैं। पिछले 3 सालों में पुलिस ने भारी मात्रा में नशीली गोलियां बरामद की है। साल 2022 में नशे के खिलाफ एनडीपीएस के 311 मुकदमे दर्ज कर 720 लोगों को गिरफ्तार कर 128 वाहन जब्त किए गए। इस दौरान पुलिस ने 3 लाख 45 हजार 436 नशीली गोलियां बरामद की।

# कार में युवक का शव एवं नगदी मिलने पर तीन दस्तयाब

- **बिना नंबर की स्कॉर्पियो कार से पुलिस ने 18.43 लाख रुपये बरामद किये**
- **थाना पुलिस के अनुसार युवक की मौत पहले हो चुकी थी**

**रामगढ़ पचवारा,** (निसं)। थाना पुलिस द्वारा गश्त के दौरान एक संदिग्ध वाहन की तलाशी लेने पर उस वाहन के अंदर एक युवक की डेड बॉडी मिली एवं भारी मात्रा में लाखों की नगद राशि मिलने पर तीन युवकों को दस्तयाब किया है। रामगढ़ पचवारा थाना पुलिस ने बताया कि थाना पुलिस खुद के वाहन से सोमवार को सुबह जब गश्त कर रही थी। उस दौरान एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो कार संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस गई तो कार चालक पुलिस को देखकर स्कॉर्पियो कार को बिडोली की तरफ तेज गति से भगा कर ले गए जहां पीछा करने के दौरान कार चालक रालावास की तरफ भगा कर ले गया, जहां पर रास्ते में कार का टायर फट गया। वहीं टायर फटने के बाद चालक द्वारा स्कॉर्पियो कार को कच्चे रास्ते में उतार दिया, जहां कार पकड़ने के बाद पुलिस द्वारा घेराबंदी कर कार को काबू किया गया।

इसके बाद तलाशी ली गई तो उस कार में तीन युवक सवार थे एवं तलाशी के दौरान कार की पीछे डिक्की में एक युवक की लाश पड़ी हुई मिली एवं कार में युवकों के कब्जे से 18 लाख 43 हजार रुपए की नगदी बरामद की गई। प्रथम दृष्टया पूरा मामला युवक की हत्या से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई एवं युवकों को व लाखों की नकदी को जप्त कर थाने लाया गया एवं मृतक युवक के शव को रामगढ़ पचवारा उप जिला अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया गया।

इस मामले को लेकर थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि युवक की मौत पहले ही हो चुकी थी। वहीं यह मामला थाना नरेना जयपुर जिला ग्रामीण से जुड़ा होने के कारण संबंधित थाना पुलिस को सूचना दी गई। नरेना थाना पुलिस को दस्तयाब की तीनों युवक एवं मृतक युवक के साथ बरामद की गई नकदी भी सुपुर्द की गई। वहीं अग्रिम अनुसंधान के बाद स्पष्ट हो पाएगा कि पूरा मामला किस तरह का एवं किस से जुड़ा हुआ था साथ ही युवक की मौत के कारण क्या रहे हैं।

## चार महिलाएं गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (नि.सं.)। जिला पुलिस ने शहर के एक मॉल में ऐन्जल स्पा सेन्टर पर मसाज की आड़ में वैश्यावृत्ति करते हुए चार महिलाओं को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने बताया कि पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड़ को गोपनिय सूचना मिली कि ऐन्जल स्पा सेन्टर में मसाज की आड़ में वैश्यावृत्ति की जा रही है। जिस पर राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस उप निरीक्षक सुरेश कुमार, गणपतलाल एवं खुशबू तीनों प्रोबेश्नर उपनिरीक्षक की टीम गठित की गयी। सूचना की तस्दीक के लिये उपनिरीक्षक गणपतलाल को ढ़ाई हजार रुपये देकर बोगस ग्राहक बनाकर ऐन्जल स्पा सेन्टर भेजा गया।


तस्दीक होने पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए स्पा सेन्टर से पश्चिमी दिल्ली रघुवीर नगर की रहने वाली अंजु पुत्री राम शर्मा, दक्षिण दिल्ली की न्यू फ्रेन्ड्स कॉलोनी की रहने वाली प्रतिमा पत्नी विजय खत्री, जयपुर के गलता गेट के पास रहने वाली स्नेहलता पत्नी सुरेश कुमार एवं स्पा मैनेजर दिल्ली के टेगोर गार्डन के पास रहने वाली प्रकृति पुत्री धर्माराम को वैश्यावृत्ति करते हुए गिरफ्तार किया है। स्पा सेन्टर के मालिक बलवंत सिंह को नामजद किया गया है जिसकी तलाश जारी है। प्रकरण थाना राजतालाब पर पंजीबद्ध किया गया है।

# हाड़ौती को हरित, श्वेत और नील क्रांति का अग्रणी केंद्र बनाएंगे: ओम बिरला

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में दो दिवसीय कृषि महोत्सव का शुभारंभ किया

**कोटा,** (निसं)।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर कोटा में मंगलवार को कृषि महोत्सव के रूप में हाडौती भर के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त और समृद्ध बनाने की बडड़ी शुरूआत हुई। इस कृषि महोत्सव का शुभारंभ करते हुए स्पीकर बिरला ने कहा कि हम भारत में हाडौती को हरित, श्वेत और नील क्रांति का अग्रणी केंद्र बनाएंगे। हम चाहते हैं कि हाड़ौती का किसान फसल और दुग्ध का उत्पादन करे, मछली पालन करे,फिर प्रसंस्करण और वैल्यू एडीशन के माध्यम अच्छी आय प्राप्त करे। इसके लिए हम किसानों के साथ खड़े हैं। हम किसानों तक गुणवत्तापूर्ण बीज पहुंचाएंगे, नई तकनीक पहुंचाएंगे, हर वह जानकारी पहुंचाएंगे जो उन्हें कम भूमि और कम लागत पर अधिक उत्पादन और अधिक आय प्राप्त करने के लिए समर्थ बनाए। यह हमारा सपना है जो आज नहीं तो कल जरूर पूरा होगा।

कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि हाडौती में इतने बडे आयोजन का श्रेय लोक सभा अध्यक्ष बिरला को जाता है। वे सदैव किसानों की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स के माध्यम से हमारे युवा कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान खोज रहे हैं। उनके इन नवाचारों से किसानों की आय बढ़े गी, इससे उनके घर में भी सम्पन्नता आएगी।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

इस प्रदर्शनी में 150 स्टाल किसानों को कृषि सम्बन्धी अद्यतन जानकारी प्रदान करने के लिए लगाये गए हैं । कृषि के क्षेत्र में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए इस प्रदर्शनी में 75 स्टॉल स्टार्टअप के लगाये गए हैं जो प्रदर्शनी की मुख्य विशेषताओं में से एक है। इस कृषि महोत्सव में आयोजित प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी स्टॉलों के माध्यम से प्रदान की जा रही है। साथ ही निजी क्षेत्र की कृषि के विभिन्न आदानों की आपूर्ति से सम्बंधित कंपनियों/संस्थाओं भी अपने उत्पादों को स्टॉलों के प्रदर्शित किया है।

- **कृषि महोत्सव के रूप में हाड़ौती के किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने की शुरूआत हुई**
- **हाड़ौती में इतने बड़े आयोजन का श्रेय लोक सभा अध्यक्ष बिरला को जाता है : चौधरी**

राजस्थान के कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा कि किसान कृषि के क्षेत्र में हो रहे नवाचार एवं स्टार्टअप को अपनाएंगे तो निश्चित रूप से कम लागत में अधिक उपज के साथ आधुनिक खेती का सपना साकार करेंगे। सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना ने कहा कि किसान की आमदनी में वृद्धि होगी तो निश्चित रूप से देश भी उन्नित करेगा।

**नवाचारों को देखने का कौतूहल:-** कृषि महोत्सव में 75 से अधिक स्टार्टअप्स ने कृषि के क्षेत्र में अपने नवाचारों और नई तकनीकों को प्रस्तुत किया। इन्हें देखने और समझने के लिए स्टार्टअप्स के काउंटर्स पर दिन भी किसानों की भीड़ लगी रही। कई नई तकनीकें किसानों के लिए बिल्कुल नई थी, जिनको लेकर उनमें खासा कौतूहल दिखाई दिया। इस आयोजन के लिए लोक सभा अध्यक्ष बिरला का आभार जताते हुए किसानों ने कहा कि उनके प्रयास हाडौती के किसानों के जीवन में को एक नई दिशा देंगे। इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी राजीव दत्ता भी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### उद्योग विहार योजना में आवेदन 27 से

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोधपुर संभाग के युवा एवं प्रगतिशील उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से जोधपुर के सालावास औद्योगिक क्षेत्र में खसरा संख्या 90 से 96 में प्रस्तावित उद्योग विहार योजना का शुभारम्भ किया जा रहा है। उद्योग विहार योजना के औद्योगिक भूखण्डों हेतु आवेदन पत्र दिनांक 27 जनवरी, 2023 से 27 फरवरी, 2023 तक विक्रय एवं जमा करवाये जा सकते है। जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उद्योग विहार योजना की लॉटरी दिनांक 10 मार्च, 2023 को खोली जायेगी। उद्योग विहार योजना जोधपुर-सालावास रोड पर टीटमेंन्ट प्लांट के पास औद्योगिक इकाइयों हेतु योजना में 42 गुणा 100 मीटर यानि 4200 वर्गमीटर, 50 गुणा 100 मीटर यानि 5000 वर्गमीटर, 25 गुणा 50 मीटर यानि 1250 वर्गमीटर सहित 2725 वर्गमीटर से 5025 वर्गमीटर के विभिन्न औद्योगिक भूखण्ड आरक्षित किये गये है। योजना में 74 औद्योगिक भूखण्ड, 61 सामान्य भूखण्ड सहित 13 कॉर्नर भूखण्ड हैं। इसके अतिरिक्त योजना में औद्योगिक श्रमिकों एवं कामगारों हेतु छोटे आकार के आवासीय एवं अनौपचारिक व्यावसायिक भूखण्डों का भी प्रावधान किया गया है। प्रथम चरण में राज्य सरकार की सक्षम स्वीकृति से सामान्य औद्योगिक भूखण्डों का आवंटन लॉटरी पद्धति से किया जायेगा। उद्योग विहार योजना के लिए आवेदन-पत्र जोधपुर शहर की एचडीएफसी बैंक की सभी शाखाआ से प्राप्त किए जा सकते है। जानकारी प्राधिकरण के नागरिक सुविधा केन्द्र एवं वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

### आहोर पट्टी विश्वकर्मा ट्रस्ट की बैठक

**जालोर,** (कासं)। आहोर पट्टी श्री विश्वकर्मा मंदिर ट्रस्ट 24 गांव की बैठक श्री विश्वकर्मा मंदिर आहोर में मंगलवार को ट्रस्ट अध्यक्ष नवीन सुथार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव मनाने को लेकर चर्चा की गई। महोत्सव के चढ़ावों के लिए 26 जनवरी को दोपहर 2.00 बजे श्री विश्वकर्मा मंदिर आहोर में सभी 24 गांवों की आमसभा का आयोजन रखा गया है। जिसमें गांवों के ट्रस्टीयों को अपने-अपने गांवों से ज्यादा से ज्यादा समाजबधुओं को लाने की हिदायत दी। आयोजित बैठक में मदनलाल आहोर, गोमाराम आकोरापादर, जामताराम वादनवाडी, पुखराज वेडिया, सांवलाराम सांडन, हबताराम छीपरवाडा, भंवरलाल बुडतरा, थानाराम बिछावाडी, मांगीलाल / मंगनाराम लेटा, खेताराम शंखवाली, मिश्रीमल आईपुरा, खुमाराम चरली, सांवलाराम मिठडी, बाबुलाल मेढा, गणेशाराम सामतीपुरा, हजारीमल सामुजा, विरमाराम सनवाडा, धनाराम जेतपुरा, फुलाराम भैंसवाडा, चम्पालाल खेडा, स्वरूपाराम हडमतगढ एवं अन्य समाजबंधु उपस्थित थे।

### बालोतरा में बालिका दिवस मनाया

**बालोतरा,** (निसं)। डीआरजे राजकीय कन्या महाविद्यालय बालोतरा में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य अर्जुन राम पूनिया ने कहा कि बालिकाएं देश का भविश्य है। आज हर प्रकार की गतिविधियों मे बालिकाएं हर क्षेत्र में नई-नई सफलताएं प्राप्त कर रही है। आज ही के दिन 1966 मे इंदिरा गांधी देश की पहली व एकमात्र महिला प्रधानमंत्री बनी, उसी के उपलक्ष मे 2008 से प्रतिवर्श राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक एवं राज्यपाल से लेकर राश्ट्रपति तक हर पद को महिलाओं ने सुशोभित किया है। सहायक आचार्य प्रतिभा सोनी ने कहा कि समाज मे लिंगानुपात की स्थिति ठीक नही है। जिसका प्रमुख कारण कन्या भ्रुण हत्या है। सहायक आचार्य संतोश पटेल ने बताया कि हमारे समाज मे कई प्रकार की कुरूतियाँ है जिसमे एक दहेज प्रथा भी है।

### दानवाव विद्यालय में सृजन कार्यक्रम

**आबूरोड,** (निसं)। रा उ मा विद्यालय दानवाव का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सृजन -2023 विद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि लक्ष्मण सोलंकी एवम प्रधानाचार्य रजनी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की वंदना ओर दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। नन्हे मुन्ने बच्चो द्वारा लकड़ी की काठी काठी पे घोडा .....पर मनमोहक नृत्य पेश किया। घूमर ,आदिवासी नृत्य, राधा ढूंढ रही...., बमबम बोले...., आदि नृत्यों पर दर्शकों की वाह वाही लूटी। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में बी के धर्मेंद्र भाई को रक्त दान के लिए प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि समाज सेवी लक्ष्मण सोलंकी,भगाराम , बी के करुणा भाई, योगेश सक्सेना, बी के मेधावी बहन, उप सरपंच संगीता बंजारा, जगदीश भाई, छगन भाई रहे। प्रधानाचार्य सतीश पुरोहित, रमेश लाल मेघवाल आदि उपस्तिथ थे। मंच संचालन ईश्वर सिंह राव ने किया।

### बार पदाधिकारियों का स्वागत किया

**पाली,** (नि.सं.)। बार एसोसिएशन पाली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह राजपुरोहित व उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राजपुरोहित का जिला टेंट डीलर्स एशोसिएशन पाली ने स्वागत किया गया।अधिवक्ता अरिहन्त चौपड़ा ने बताया कि जिला टेंट डीलर्स एसोसिएशन पाली के चेयरमैन लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित, सलाहकार सुमेर सिंह राजपुरोहित , सचिव जाहिर मकरानी , अध्यक्ष दिनेश चौधरी , उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, संयोजक पुनम सिंह राजपुरोहित, कोषाध्यक्षभैरू सिंह व टेंट डीलर्स एशोसिएशन की सम्पूर्ण कार्यकारणी द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का स्वागत किया गया।

### वीरवर राव चन्द्रसेन शोध पीठ का गठन

**जोधपुर**, (का.सं.)। वीरवर राव चन्द्रसेन शोध पीठ' का उद्घाटन आज प्रो. के.एल. श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य एवं प्रो. के.एल. रैगर की अध्यक्षता में जोधपुर 24 जनवरी। इतिहास विभाग जय नारायण व्यास, जोधपुर एवं महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र, मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में इतिहास विभाग-भाषा प्रकोष्ठ में वीरवर राव चन्द्रसेन शोध पीठ का गठन किया गया है जिसका उद्घाटन जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.एल. श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य एवं भाषा प्रकोष्ठ के डीन प्रो. के.एल. रैगर की अध्यक्षता में न्यू कैम्पस स्थित इतिहास विभाग के भाषा प्रकोष्ठ (लेग्वेज विंग) में 25 जनवरी 2023 को प्रातः 11:30 बजे किया जायेगा। महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश के सहायक निदेशक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर ने बताया कि राव चन्द्रसेनजी मारवाड़ ही नहीं सम्पूर्ण राजस्थान में प्रेरणा स्त्रोत के रूप में स्थापित है। विश्वविद्यालय द्वारा शोध पीठ के निदेशक पद पर इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुशीला शक्तावत को नियुक्त किया गया है।

### शिव व सती की महिमा बताई

**जोधपुर**, (कासं)। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड के 19वें सेक्टर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर के प्रांगण में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे भगवान शिव और माता सती का विवाह प्रसंग सुनाया। आचार्य नन्दकिशोर महाराज ने सती जन्म के प्रसंग का मार्मिक चित्रण किया। मुरारी लाल सोनी, मूलचंद जैन,कमल वैष्णव, गोकुलचंद मिश्रा,झूमर पालीवाल तथा प्रदीप जैन ने मंगलाचरण आरती में भाग लिया।आचार्य नन्दकिशोर महाराज ने भजनों की सरिता बहा कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। प्रवक्ता गौकुलचन्द मिश्रा ने बताया कि नीलकंठ महादेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अन्तर्गत शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया है। मन्दिर में माता वैष्णोदेवी,बाबा रामदेव तथा झुले लाल की प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी।मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा 29 जनवरी को होगी। इसी दिन शाम को कथा की पूर्ण आरती होगी। समय दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक है।

### डॉ. राजपुरोहित सदस्य मनोनीत

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थानी भाषा-साहित्य के प्रतिष्ठित कवि-आलोचक डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित को राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादेमी बीकानेर की साधारण सभा का सदस्य मनोनीत किया गया है। साहित्य अकादमी के सचिव शरद केवलिया ने बताया कि राजपुरोहित का जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के प्रतिनिधि के रूप में मनोनयन किया है। डॉ. राजपुरोहित जेएनवीयू के राजस्थानी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं बाबा रामेदव शोधपीठ के निदेशक के रूप में सेवा दे रहे है। अनेक पुरस्कारों से पुरस्कृत डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित विगत 25 वर्षो से राजस्थानी भाषा की संवैधानिक मान्यता के आंदोलन से जुडे हुए है ।

### प्रशासन शहरों के संग शिविर जारी

**जोधपुर**, (का.सं.)। आयुक्त जेडीए नवनीत कुमार के निर्देशानुसार प्राधिकरण द्वारा नियमित रूप से जोनवार शिविरों का आयोजन करते हुए आमजन के विभिन्न आवेदनों का निस्तारण किया जा रहा हैं। जेडीए द्वारा जोन 3 उपायुक्त रविंद्र कुमार के निर्देशन में ग्राम सांगरिया हेतु राजकीय माध्यमिक विद्यालय सांगरिया फांटा में दो दिवसीय शिविर के दौरान 110 पत्रावलियों का निस्तारण करते हुए पट्टों का वितरण किया गया।

# बालिका दिवस पर 'कॉफी विद कलैक्टर' कार्यक्रम आयोजित

**जालोर**, (कासं)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार जालोर में आयोजित 'कॉफी विद कलैक्टर'' कार्यक्रम के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रताप चौक, केन्द्रीय विद्यालय व राउमावि शहरी जालोर की प्रतिभावान छात्राओं के साथ संवाद कर उनका हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम के दौरान जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने छात्राओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनसे बातचीत कर उन्हें अपने आस-पास अच्छाईयों से सीख एवं प्रेरणा लेते हुए मेहनत कर आगे बढ़ने को लेकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि लगन व मेहनत से जीवन में ऊँचाईयों को हासिल किया जा सकता हैं। उन्होंने बच्चियों को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनने एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृति उज्जैनिया ने बालिकाओं से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को इन्दिरा गांधी, कल्पना चावला, सायना नेहवाल इत्यादि के बारे में जानकारी देते हुए छात्राओं को जीवन में सशक्त बन आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर केक काटकर बच्चियों को बधाई दी। कार्यक्रम में जिला कलैक्टर निशान्त जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृति उज्जैनिया ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में बालिकाओं से केक कटवाकर बच्चियों का मुंह मीठा कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के बारे में बालिकाओं को दी जानकारी कार्यक्रम उपरान्त बालिकाओं को कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण करवाया जाकर सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, तहसील कार्यालय, कोषागार, जिला परिषद, अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय के विभिन्न अनुभागों की कार्य प्रणाणी के बारे में जानकारी दी गई।

भ्रमण के दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने एडीएम कोर्ट की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही तहसीलदार जालोर पारसमल राठौड़ द्वारा तहसील कार्यालय द्वारा किये जाने वाले राजस्व संबंधी कार्यों के बारे में छात्राओं को बताया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक अशोक विश्नोई, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मण सिंह सिलोर, सहायक सांख्यिकी अधिकारी रामजीवन, रसद विभाग की प्रवर्तन निरीक्षक नमिता नारवाल सहित विभिन्न छात्राएं मौजूद रही।

# आक्रोश रैली से कर्मचारी लौटे

**जालोर,** (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बैनर तले राजस्थान सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों, संवादहीनता और महासंघ की 15 सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को जयपुर में महा आक्रोश रैली में जालोर जिले से महासंघ के जिला अध्यक्ष गोविंद सिंह मंडलावत के नेतृत्व में करीब आठ सो कर्मचारियों ने भाग लिया।

जालोर जिला संघर्ष संयोजक कैलाश कुमार खत्री ने बताया कि सीएम अशोक गहलोत ने रैली से महासंघ प्रदेशाध्यक्ष आयुदान सिंह कविया के प्रतिनिधि मंडल को वार्ता के लिए बुलाया। इसके बाद महासंघ के प्रतिनिधि मंडल व सीएम के बीच वार्ता हुई। आक्रोश रैली में जालोर से छोटे-बडे वाहनों से करीब आठ सौ॰कर्मचारी जयपुर पहुंचे। कार्यक्रम में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया।

महासंघ के मीडिया प्रभारी शहजाद खान ने बताया कि रैली में महासंघ संरक्षक पूनमाराम विश्नोई ,पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश रामावत, सेवानिवृत शिक्षक वीरद सिंह चौहान,उपसभा उपाध्यक्ष भानाराम बोहरा , ग्राम विकास अधिकारी संघ के ओम प्रकाश विश्नोई शिक्षक संघ प्रगतिशील के पुनम चंद विश्नोई , गोरधनराम, सहायक कर्मचारी संघके राधेश्याम तंवर, कृषि पर्यवेक्षक संघ से ओमाराम सोनल,शिक्षक संघ शेखावत से गोपाल सिंह, नर्सेज एसोसिएशन से शहजाद खान, जोगाराम, मादाराम,

■ आक्रोश रैली में जालोर से छोटे-बडे वाहनों से करीब आठ सौ.कर्मचारी जयपुर पहुंचे

कन्हैयालाल, पुनमा राम विश्नोई, जितेन्द्र भाटी, कृष्ण कुमार, राजस्थान शिक्षक पंचायती राज संघ के गोपाल सिंह,एलएचवी एएनएम संघ से राजबाला,सरोजबाला, सुनिल, बसंती, जालोर ब्लॉक संयोजक प्रकाश नारायण माली,रानीवाडा से करना राम देवासी, भीनमाल से सत्य प्रकाश बिश्नोई , सरनऊ से जय किशन खिलेरी, चितलवाना से जगदीश चंद्र साहू, अध्यक्ष सांचोर से लादूराम भादू भीनमाल से जालाराम खीचड जालौर से पुख सिंह भाटी , सायला कैलाश गर्ग, आहोर से भवरसिंह, ललित सूर्याल, रघुनाथ भादू, रघुनाथ जांगू, वीरदसिंह, राजूराम सारण, विशनाराम देवासी, छगनलाल जिनगर, ओमप्रकाश ,किशनाराम पीसी डारा, कुशल राज, हंसाराम माली सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

# होदियों की मरम्मत होगी, पाली में 30 फैक्ट्री बंद

**पाली**, (नि.सं.)। फैक्ट्रियों से रंगीन पानी खुले में छोड़ने के मामले में प्रदूषण मंडल ने सख्ती दिखाई है। सीईटीपी समेत औद्योगिक संगठनों से जुड़े संगठनों को होदियां मरम्मत के निर्देश दिए है। इस दौरान करीब 10 दिन तक मंडिया रोड औद्योगिक क्षेत्र की 30 के करीब फैक्ट्रियां बंद रहेगी। जिससे उत्पादन प्रभावी होगा

मंडिया रोड पर सीईटीपी ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता की फैक्ट्री राजाराम मिल्स से क्षमता से ज्यादा पानी डिस्चार्ज करने से होदियों से छलक कर रंगीन पानी सड़क पर बहने लग गया था। शिकायत पर प्रदूषण नियंत्रण मंडल की टीम मौके पर पहुंची थी और बाद में मडपम्प के जरिए रंगीन पानी प्लांट तक पहुंचाया था।

होदियों से पानी छलकने के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने राजाराम मिल्स सहित उस लाइन से जुड़ी हुई सभी 30 फैक्ट्रियों को तत्काल प्रभाव से बंद कराने के आदेश दिए हैं।

हौदियों व टंकियों की मरम्मत तथा पाइपलाइन दुरुस्त होने के बाद बोर्ड के अधिकारी भौतिक सत्यापन करेंगे।

इसके बाद ही इन फैक्ट्रियों को वापस शुरू करने की अनुमति दी जाएगी। बोर्ड की सख्ती के बाद सीईटीपी समेत औद्योगिक संगठनों से जुड़े संगठनों ने मरम्मत तथा रखरखाव का कार्य में जुटे है। पिछले दिनों जिले के प्रभारी मंत्री टीकाराम जूली ने भी औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने एक फेक्ट्री के बाहर खुले में बह रहे पानी को देख नाराजगी जताई थी और प्रदूषण नियंत्रण मंडल के आरओ राहुल शर्मा को सख्त निर्देश दिए थे कि प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी हरीश कुमार तथा जयकिशन नेहरा मौके पर पहुंचे। उन्होंने पानी को पहले मंडप के जरिए पाइप लगाकर वापस ट्रीटमेंट प्लांट तक भिजवाया। राजाराम मिल्स जो सुरेश गुप्ता की है। उसकी फैक्ट्री के पाइप से पानी हौदी में आ रहा था।

## कार्य संभाला

**जालोर**, (कासं)। जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड जालौर के सहायक अभियंता वी आर परमार ने मंगलवार को जालोर शहर एईएन के पद पर कार्य भार ग्रहण किया।

परमार ने स्टाफ को निर्देश दिए आमजन को बेहतर विद्युत सुविधा मिले तथा लंबित विद्युत कनेक्शन को शीघ्र निस्तारण करे एवं कहा कि उपभोक्ता संतुष्टी ही धेय है।

# आबूरोड शहर में लगेंगे सी.सी.टी.वी. कैमरे

**आबूरोड,** (कासं)। सिरोही जिले` आबूरोड शहर में पिछले एक दशक से खुद प्रशासन के साथ ही आम जनता एवं विभिन्न पार्षदों, जनप्रतिनिधियों की शहर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष मगन दान चारण द्वारा लंबे समय से किए जा रहे प्रयास आखिरकार रंग लाए और यह योजना धरातल पर उतर रही है। इस कार्य को लेकर लम्बे समय से गंभीर भी थे, लेकिन नगरपालिका में स्थाई अधिशाषी अधिकारी नहीं होने से कई महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं को धरातल पर लाने में भारी परेशानी हो रही थी। गत माह अधिशासी अधिकारी के पद पर प्रकाश डूडी की नियुक्ति के बाद से ही शहर में विकास एवं निर्माण कार्यों के कई कार्य आदेश जारी कर एक दर्जन से अधिक कार्य मौके पर प्रारंभ किए जा चुके है। इन्हीं विकास एवं निर्माण कार्यों की कडी में आज नगर पालिका अध्यक्ष मगन दान चारण एवं अधिशासी अधिकारी प्रकाश डूडी द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के लिए फर्म को कार्य आदेश जारी किए गए ।

उल्लेखनीय है कि पिछले लंबे समय से लगातार सीएलजी एवं शांति समिति की बैठकों में भी शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की जा रही थी। जिससे अपराधियों को खोजने एवं अपराध नियंत्रण में सहायता मिल सके। किसी भी घटना पर मौके की स्थिति की जानकारी ली जा सके। नगर पालिका अध्यक्ष चारण के अनुसार शीघ्र ही शहरी क्षेत्र का हर प्रमुख स्थान, मुख्य चौराहे, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थान तीसरी आंख की नजरों में कैद होंगे।

पालिका अध्यक्ष मगन दान चारण ने बताया कि नगर पालिका द्वारा पार्षदों व अन्य की मांग अनुसार पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने को लेकर प्राथमिक स्तर पर कार्य योजना तैयार की गई । इसे अंतिम रूप दिया जा कर नियमानुसार निविदा प्रक्रिया संबंधित फर्म को कार्य आदेश भी जारी कर दिए गए हैं । पालिका अध्यक्ष मगन दान चारण के अनुसार सब कुछ ठीक रहा तो अगले तीन महीनों में शहर में सीसीटीवी कैमरे का जाल बिछ जाएगा। जिससे प्रशासन शहर में विभिन्न कार्यक्रमों मैं निरीक्षण के साथ ही पुलिस प्रशासन को अपराध नियंत्रण करने एवं वांछित अपराधियों की खोज करने में यह कार्य कारगर सिद्ध होने के साथ ही यह कार्य मील का पत्थर साबित होगा।

पालिका अध्यक्ष मगन दान चारण ने बताया कि प्राथमिक स्तर पर तैयार की गई योजना के अनुसार पूरे शहर भर में लगभग सत्तर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने प्रस्तावित है। अलग-अलग अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर लगेंगे जिनका डिस्ट्रीब्यूशन स्विच पुलिस थाना शहर आबूरोड में स्थापित होगा । सीसीटीवी कैमरो के जरिये शहर की निगरानी के लिए 55 इंच के डिस्प्ले बोर्ड शहर के पुलिस थाने में स्थापित होंगे एवं एक प्रथक से 55 इंच का डिस्प्ले बोर्ड का मुख्य केंद्रीय निरीक्षण कक्ष पर स्थापित होगा जो की पुलिस थाना शहर आबूरोड में स्थापित किए जाने की योजना है ।

## आकस्मिक अवलोकन

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर के समीपवर्ती गाँव देरोल स्थित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल देरोल में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर गुणवत्ता शिक्षा के उपनिदेशक डॉ. मोटाराम भादु , कान्तिलाल खत्री सहायक जिला परियोजना समन्वयक सिरोही, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पूनम सिंह सोलंकी, पूर्व प्रधानाचार्य केशर सिंह राव ने मॉडल स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें चल रही बोर्ड प्रेक्टिकल कक्षाऐं, लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लेब, लिंग्वालेब, स्मार्ट क्लास, संगीत कक्ष, आर्ट एण्ड क्राफ्ट कक्ष, एवं संचालित समस्त कक्षाओं का अवलोकन किया। साथ ही विद्यालय में संचालित अन्य गतिविधियों को भी देखा तत्पश्चात उपनिदेशक ने विद्यालय की गतिविधियों एवं शैक्षणिक कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं विद्यालय के संस्था प्रधान संजीव कुमार अग्रवाल एवं शिक्षको के सराहनीय प्रयासों को सराहा।

## पाठ्यक्रमों पर चर्चा

**जोधपुर**, (का.सं.)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में विद्या परिषद् की मीटिंग आज विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई। कुलसचिव सीमा कविया ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. पाठ्यक्रमों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।


**सूचनार्थ**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के पत्र क्रमांक No:-F-1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2(21519)/2022-23 Jaipur दिनाक 11 जनवरी 2023 के द्वारा श्री कुलदीप इन्दौरा पुत्र श्री हिरालाल जी निवासी 20/100 मानसरोवर, जिला -जयपुर को निकट ग्राम सेलवाड़ा, तहसील रेवदर जिला सिरोही (राज.) में स्थित खनन पट्टा संख्या 234/1989 वास्ते खनिज मार्बल क्षैत्रफल 0.35 हैक्टर के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति को SEIAA राजस्थान के वेबसाइट (http://Parivesh.nic.in) एवं राजस्थन प्रदूषण नियंत्रण मण्डल सिरोही के कार्यालय में देखी जा सकती है।

कुलदीप इन्दौरा



**NOTICE GIVING PUBLIC INFORMATION ABOUT CHANGE OF PARTNERS OF M/S SHILPA INDUSTRIES (FRN NO. RF/SRH/2020/715)**

In compliance of Rule 72 of the Rajasthan Partnership Rules framed under Indian Partnership Act, 1932 this is to state that following partners are retired/admitted from the Partnership firm **M/s SHILPA INDUSTRIES,** Plot No. G1-317, Riico Growth Centre Phase II, Mawal, Abu Road Sirohi (Raj.) 307026 w.e.f 27.12.2022

1. **Mr. HADARAM THANA RAM CHAUDHARY S/O THANA RAM RUGANATHARAM CHAUDHARY,** Aged 40 Years, adult Indian Inhabitant, having his address at B-402, Maruti-5 diya jivan, nicol, ahmadabad city, ahmedabad, gujrat-382350 is **retired** from our firm w.e.f 27.12.2022.
2. **Mr. TULSA RAM CHOUDHARY S/O THANA RAM CHAUDHARY,** Aged 35 Years, adult Indian Inhabitant having his address at S/O Thana ram, 153, salawas road, ganesh nagar, sangariya, jodhpur, rajasthan-342013, is **admitted** in our firm w.e.f. 27.12.2022.

**IF ANY PERSON HAVE OBJECATION IN THIS REGARDS THEN INFORM REGISTRAR OF FIRMS, SIROHI WITHIN 7 DAYS.**



Chola Enter a better life

**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड**

कॉरपोरेट कार्यालय : नं. 2, डेयर हाऊस, प्रथम तल, एन.एस.सी. बोस रोड़, चेन्नई- 600001

जोधपुर शाखा कार्यालय: प्लॉट नंबर 17, पहली मंजिल, केपी टॉवर, बॉम्बे मोटर सर्कल के पास, अपर चोपासनी रोड, जोधपुर -342003

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत निम्नलिखित ऋणीयों को जारी मांग सूचना नोटिस**

आपको, नीचे उल्लेखित ऋणी/बंधककर्ता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने आपके विरूद्ध वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत कार्यवाही शुरू की है और अधिनियम की धारा 13(2) के तहत आपको नोटिस भेजा गया है। पंजीकृत डाक द्वारा ऋणी के लिए देय को सुपुर्दगी के बिना लौट आया है। इसलिए, आपको एतद्द्वारा इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर उक्त खाते की बकाया ऋण राशि का नोटिस लेने एवं ब्याज के साथ समस्त भुगतान करने के लिए कहा जाता है, ऐसा ना करने पर कम्पनी अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) ब्याज और लागत के साथ अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे उल्लेखित सुरक्षा को लागु करके यह उल्लेख करना आवश्यक है कि यह नोटिस कम्पनी के लिए उपलब्ध किसी भी अन्य उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना आपको संबोधित किया गया है।

| क्र. सं. | ऋणी/ऋणियों के नाम व पते | ऋण राशि | मांग सूचना तिथि व बकाया राशि | सम्पत्ति का विवरण/ प्रतिभूत आस्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण खाता संख्या: HE01JHE00000012290, 1. श्री आत्मा राम पाहुजा पुत्र भजन दास पाहुजा, 2. राजेश पाहुजा (मृतक):- जरिए कानूनी वारिसान पिता:- श्री आत्मा राम पाहुजा / माता:- कंचन पाहुजा, भाई:- (i) हर्षद पाहुजा, 3. कंचन पाहुजा पत्नी आत्मा राम पाहुजा, 4. हर्षद पाहुजा पुत्र आत्मा राम पाहुजा, सभी निवासी:-11/584, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, नंदनवन, जोधपुर, राजस्थान -342008, 5. भजनदास आत्माराम ज्वेलर्स (जरिए प्रोपराइटर राजेश पाहुजा) पता:- 4एस 29-ए तृतीय पुलिया, जोधपुर, राजस्थान - 342008, एन.पी.ए. दिनांक 04.01.2023 | रुपये 43,30,000.00/- | 18-01-2023 के अनुसार रु. 42,88,288.00/- दिनांक 04.01.2023 तक व आगे का ब्याज सहित | संपत्ति स्थित है: - मकान नंबर 11/584, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जिला-जोधपुर में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 194.40 वर्ग मीटर है। (उक्त संपत्ति के रूप में संदर्भित) संपत्ति की चतु सीमाएं:- उत्तर:- मकान संख्या 11/585, दक्षिण:- सड़क, पूर्व:- मकान संख्या 11/628, पश्चिम:- सड़क |

दिनांक : 25.01.2023 स्थान : जोधपुर प्राधिकृत अधिकारी, चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना**

G20

**निविदा संख्या : Comml/E-auction/Catering/2022/05** **दिनांक: 23.01.2023**

उक्त के सन्दर्भ में स्टेशन पर Catering के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइटपर प्रकाशित किए जा चुके हैं।

| Catalogue No. | Type of Contract | Lot No. | Station Name & Category | Category | Date/Time Period Of Contract |
|---|---|---|---|---|---|
| Catering-JU-10 | Catering - Special Minor Unit (SMU) & General Minor Unit (GMU) | Catg-JU-DNA-GMU-199-23-1 | DNA(D) | GMU-GEN/W | Start at 11:00 hours on 06.02.2023. Contract Period: 05 years |
| | | Catg-JU-LUNI-GMU-213-23-1 | LUNI(D) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-NAC-GMU-222-23-1 | NAC(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-KMNC-GMU-211-23-1 | KMNC(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-MEC-GMU-219-23-1 | MEC(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-GOTN-GMU-204-23-1 | GOTN(D) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-KMNC-GMU-212-23-1 | KMNC(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-MBNL-GMU-216-23-1 | MBNL(D) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-MEC-GMU-221-23-1 | MEC(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-RXN-GMU-281-23-1 | RXN(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-LUNI-GMU-214-23-1 | LUNI(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-NAC-GMU-223-23-1 | NAC(D) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-BUT-GMU-193-23-1 | BUT(D) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-BGKT-GMU-196-23-1 | BGKT(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-GOTN-GMU-203-23-1 | GOTN(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-MBNL-GMU-215-23-1 | MBNL(D) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-BANE-GMU-191-23-1 | BANE(D) | GMU-FF/WW | |
| | | Catg-JU-BANE-GMU-192-23-1 | BANE(D) | GMU-FF/WW | |
| | | Catg-JU-KMNC-GMU-210-23-1 | KMNC(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-MMY-GMU-218-23-1 | MMY(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-MEC-GMU-220-23-1 | MEC(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-BUT-GMU-294-23-1 | BUT(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-GOTN-GMU-206-23-1 | GOTN(D) | GMU-FF/WW | |
| | | Catg-JU-MMY-GMU-217-23-1 | MMY(D) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-DNA-GMU-198-23-1 | DNA(D) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-DSO-GMU-201 -23-1 | DSO(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-GOTN-GMU-207-23-1 | GOTN(D) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-BUT-GMU-194-23-1 | BUT(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-MBNL-SMU-170-22-1 | MBNL(D) | SMU-OBC | |
| | | Catg-JU-MBNL-SMU-169-22-1 | MBNL(D) | SMU-OBW/W | |
| Catering-JU-11 | Catering - General Minor Unit (GMU) | Catg-JU-SUJH -GMU-23-23-1 | SUJH(D) | CMU-CEN | Start at 11:00 hours on 07.02.2023. Contract Period: 05 years |
| | | Catg-JU-JAC-GMU-255-23-1 | JAC(E) | CMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-CLO-GMU-245-23-1 | CLO(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-DOR-GMU-250-23-1 | DOR(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-HWT-GMU-252-23-1 | HWT(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-POK-GMU-227-23-1 | POK(D) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-BBC-GMU-242-23-1 | BBC(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-BIPR-GMU-243-23-1 | BIPR(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-BISH-GMU-291-23-1 | BISH(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-GCH-GMU-251-23-1 | GCH(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-JNX-GMU-253-23-1 | JNX(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-JWL-GMU-254-23-1 | JWE(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-PLCJ-GMU-225-23-1 | PLCJ(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-RDRA-GMU-229-23-1 | RDRA(D) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-SUJH-GMU-232-23-1 | SUJH(D) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-BK-GMU-239-23-1 | BK(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-BMSN-GMU-241-23-1 | BMSN(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-DQN-GMU-248-23-1 | DQN(E) | GMU-FF/WW | |
| | | Catg-JU-JNE-GMU-256-23-1 | JNE(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-PLCJ-GMU-226-23-1 | PLCJ(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-SUJH-GMU-236-23-1 | SUJH(D) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg -JU- BAWA-G M U-240-23-1 | BAWA(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-BISH-GMU-290-23-1 | BISH(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-BOW-GMU-244-23-1 | BOW(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-SUJH-GMU-235-23-1 | SUJH(D) | GMU-DIVYANG | |
| | | Catg-JU-ALAI-GMU-238-23-1 | ALAI(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-JARI-GMU-257-23-1 | JARI(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-SMR-GMU-231-23-1 | SMR(D) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-DQN-GMU-247-23-1 | DQN(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-ULT-GMU-237-23-1 | UTL(D) | GMU-GEN | |
| Catering-JU-12 | Catering - General Minor Unit (GMU) | Catg-JU-JOM-GMU-262-23-1 | JOM(E) | GMU-GEN | Start at 11:00 hours on 08.02.2023. Contract Period: 05 years |
| | | Catg-JU-TLC-GMU-287-23-1 | TLC(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-MBW-GMU-269-23-1 | MBW(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-RXN-GMU-282-23-1 | RXN(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-JCH-GMU-261-23-1 | JCH(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-KRC-GMU-266-23-1 | KRC(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-MWT-GMU-273-23-1 | MWT(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-RNV-GMU-284-23-1 | RNV(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-SZ-GMU-285-23-1 | SZ(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-SZ-GMU-293-23-1 | SZ(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-MDB-GMU-304-23-1 | MDB(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-MON-GMU-295-23-1 | MON(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-KOF-GMU-272-23-1 | KOF(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-KJW-GMU-263-23-1 | KJW(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-KQW-GMU-265-23-1 | KQW(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-MBW-GMU-270-23-1 | MBW(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-TIW-GMU-289-23-1 | TIW(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-JARI-GMU-258-23-1 | JARI(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-PBC-GMU-277-23-1 | PBC(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-SBLJ-GMU-286-23-1 | SBLJ(E) | GMU-FF/WW | |
| | | Catg-JU-JSA-GMU-259-23-1 | JSA(E) | GMU-FF/WW | |
| | | Catg-JU-JNZ-GMU-260-23-1 | JNZ(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-PAE-GMU-276-23-1 | PAE(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-PPR-GMU-278-23-1 | PPR(E) | JMU-DIVYANG | |
| | | Catg-JU-RHI-GMU-280-23-1 | RHI(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-MBF-GMU-275-23-1 | MBF(E) | GMU-FF/WW | |
| | | Catg-JU-RKZ-GMU-279-23-1 | RKZ(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-RNV-GMU-283-23-1 | RNV(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-KSW-GMU-292-23-1 | KSW(E) | GMU-GEN | |
| | | Catg-JU-LDM-GMU-268-23-1 | LDM(E) | GMU-GEN/W | |
| | | Catg-JU-KHTU-GMU-264-23-1 | KHTU(E) | GMU-GEN/W | |

**बयाना राशी :** बोली के मूल्य का 5%

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई-ऑक्शन लीजींग मॉड्यूल देखें। लॉट- वार विवरण उसमें उपर्युक्त कैटलॉग नंबर के तहत उपलब्ध हैं।

हमें /NWRailways पर फॉलो करें 90-AK/23

# एसबीआई का 31.65 लाख रुपये से भरा एटीएम उखाड़ ले गए नकाबपोश बदमाश

## चोरों ने पहले एटीएम की बिजली काटी फिर सीसीटीवी पर काला रंग का स्प्रे कर चोरी को अंजाम दिया

**अरांई, (निसं)।** पावर हाउस चौराहा स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाहर लगे एटीएम को अज्ञात चोर उखाड़कर ले गए। चोरों ने पहले एटीएम की बिजली काटी फिर सीसीटीवी कैमरों पर काला रंग का स्प्रे कर चोरी को अंजाम दिया।

सोमवार की देर रात्री को अज्ञात चोरों ने अरांई एसबीआई की शाखा के बाहर लगे हुए एटीएम को उखाड कर केम्पर में डाल कर फरार हो गये। मामले की जानकारी मिलते ही अरांई थाना प्रभारी गुमान सिंह मय जाप्ते रात्रि को घटना स्थल पर पंहुचे एवं नाकाबन्दी करवाई, लेकिन चोरों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अरांई पुलिस ने एफएसएल टीम को बुला कर तत्थ्याकत्मक रिपोर्ट मांगी है। पुलिस व एफएसएल टीम मिल कर संयुक्त जांच कर रही है। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी गुमान सिंह ने बताया कि एटीएम में 31 लाख 65 हजार रूपये थे।

एसबीआई बैंक के समीप लगे एक सीसीटीवी केमरे में एटीएम लूट की घटना रात्रि 2:40 मिनट की है। घटनास्थल पर एक बोलेरो एवं केम्पर गाड़ी एटीएम के सामने आ कर रूकते है। सबसे पहले दो नकाबपोश व्यक्ति बाहर आते है जो बैंक एवं एटीएम में लगे करीब चार से पांच सीसीटीवी केमरों पर ब्लेक स्प्रे करते है। चोरों ने उसके बाद वहां का विद्युत कनेक्सन काट दिया। केम्पर गाडी को एटीएम के समीप लेकर आये और एटीएम को बांध कर बाहर घसीट लिया। एटीएम को को सीधे केम्पर में पटका और फरार हो गये।



एटीएम लूट की वारदात के बाद पुलिस और एफएसएल टीम ने घटना स्थल पर साक्ष्य जुटाए।

■ पुलिस व एफएसएल टीम ने मिलकर संयुक्त जांच की

रात में गश्त के दौरान अरांई पुलिस चौराहे पर एक अन्य गाडी का पीछा करती हुई पहुंची थी। अरांई पुलिस को देखते ही गाडी चालक गाडी को लेकर किशनगढ की तरफ दौडा था। पुलिस ने गाड़ी का पीछा कर रुकवाया तो उसमें सुवर भरे थे। पुलिस ने इस गाड़ी को पकड़कर थाने ले आयी, जहां पूछताछ की गई। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने एसबीआई बैंक के बाहर लगे एटीएम को उखाड लिया और त्वरित गति से फरार हो गये। एसबीआई बैंक के बाहर लगे एटीएम की सुरक्षा पर लगाया गया गार्ड मौके पर नहीं था। पुलिस उक्त गार्ड से पूछताछ कर रही है।

# जी-20 सम्मेलन की तैयारियों को लेकर संभागीय आयुक्त ने बैठक ली

## अधिकारियों ने सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी

**जोधपुर, (कासं)।** आगामी 2 से 4 फरवरी तक जोधपुर में आयोजित जी-20 सम्मेलन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा के लिए संभागीय आयुक्त कैलाशचन्द मीना की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक हुई। इसमें सम्मेलन से जुड़े तमाम प्रबन्धों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता, पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड़, उपायुक्त डॉ. अमृता दुहन, गौरव यादव, नगर निगम आयुक्त अरुण कुमार पुरोहित एवं अतुल प्रकाश, जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त नवनीत कुमार, एसीपी ट्राफिक चैनसिंह महेचा आदि अधिकारियों ने सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी।

संभागीय आयुक्त ने सम्मेलन से संबंधित सभी स्थानों पर सौन्दर्यीकरण, मरम्मत आदि कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जन सहभागिता से दीवारों पर रंग-रोगन, स्वागत द्वार लगाने, चौराहों को सुसज्जित करने आदि के कार्य कराए जाएंगे। इस दौरान् स्वागत में सहभागी बनने वाले शहरवासियों की जन सहभागिता के वीडियो भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

संभागीय आयुक्त ने जी 20 सम्मेलन के रूट तथा आयोजन स्थलों के आस-पास सीसीटीवी कैमरे लगवाने, सभी कार्यों की रफ्तार में तेजी लाने, कार्य को गति देने के लिए कार्मिकों की संख्या में अभिवृद्धि करने के निर्देश देते हुए कहा कि 30 जनवरी से विशिष्टजनों का आगमन शुरू हो जाएगा। इसे देखते हुए कार्यों में गति लाएं।

जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन के दौरान जोधपुर के उद्योग और हस्तशिल्प की झलक दिखाने के लिए सालावास की दरियां, लाख की चूड़ियों, बाजरे का खेत आदि पर स्टॉल्स लगाए जाएंगे। जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने सम्मेलन की जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों पर विस्तार से जानकारी दी और बताया कि शहर को निखारने का कार्य अच्छी तरह चल रहा है और सम्मेलन से संबंधित कार्य तय समय पर पूर्ण कर लिए जाएंगे।

# हादसे में पांच जने घायल

**सूरतगढ़, (निसं)।** सोशल मीडिया पर लाइव आना सूरतगढ़ इलाके के तीन युवकों को उस समय भारी पड़ गया, जब उनकी पिकअप एक कार से जा भिड़ी। हादसे में पिकअप सवार तीन लोग घायल हो गए। वहीं कार सवारों के भी गंभीर घायल होने की जानकारी सामने आई है। घटना सोमवार रात हरियाणा क्षेत्र के एलनाबाद में हुई।

हादसे से पहले का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के मुताबिक सूरतगढ़ सुपर तापीय परियोजना इलाके के पास रायवाली गांव के निवासी तीन युवक पिकअप जीप में सवार होकर बीती रात 11.30 बजे हरियाणा में किसी काम से जा रहे थे। पिकअप चला रहे युवक ने एलनाबाद में देर रात को मोबाइल से फेसबुक लाइव करना शुरू कर दिया। वीडियो के मुताबिक तीनों की बातचीत के दौरान एक कार उनके पास से ओवरटेक करती है। वहीं सामने से भी एक अन्य वाहन आता दिखाई दे रहा है। ओवरटेक करने वाली कार कुछ ही दूरी बाद सड़क किनारे रुक जाती है। इसी दौरान सामने से आ रहे वाहन की रोशनी से पिकअप सवार संभल नही पाते और दुर्घटना हो जाती है।

# विदाई समारोह से अभिभूत हुए सैशन न्यायाधीश

**जालोर, (कासं)।** जालोर अभिभाषक संघ की ओर से मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश जालोर सिया रघुनाथदान के स्थानान्तरण समारोह पर उन्हें उत्साह पूर्वक विदाई दी। अभिभाषक संघ द्वारा रखे गये विदाई समारोह से सैशन न्यायाधीश अभिभूत नजर आये। जालोर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिया रघुनाथदान का स्थानान्तरण झालावाड होने पर अभिभाषक संघ जालोर की ओर से विदाई समारोह रखा गया।

जालोर शहर के एक होटल में आयोजित समारोह में जिला कलैक्टर निशांत जैन, एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला, एडीजे तनसिंह चारण, पारिवारिक न्यायालय की न्यायाधीश शैल कुमारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा, सीजेएम महेश कुमार, एसीजेएम प्रथम चारण आशा व न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्षिता राठौड़ मौजूद रही। समारोह में अभिभाषक संघ जालोर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार दवे ने अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके बाद माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का

■ जालोर के सैशन न्यायाधीश सिया रघुनाथदान को स्थानान्तरण पर अभिभाषक संघ ने दी विदाई

शुभारम्भ किया। समारोह में सैंशन न्यायाधीश सिया रघुनाथदान का अधिवक्ताओं ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। वरिष्ठ अधिवक्ता परमानंद शर्मा ने सैंशन न्यायाधीश का तिलक व श्रीफल देकर स्वागत किया।

इस दौरान परमानंद शर्मा, बसंत कुमार गहलोत, अशोक जोशी, राजेन्द्र कुमार कच्छवाह, चैनराम पटेल, त्रिलोकचन्द मेहता, सवाराम, नैनसिंह राजपुरोहित, मोहनसिंह राणावत, संतोष भारती, देवेन्द्रसिंह , मुमताज अली, तरूण सोलंकी, अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष इन्द्रजीत मेघवाल, सचिव रज्जब खान खोखर, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष गोपाल जोशी आदि मौजूद थे।

# हैड कांस्टेबल को टक्कर मारी

**चूरू, (कासं)।** यहां पुलिस लाईन में तैनात एक हैड कांस्टेबल को एक शराबी ने कार की टक्कर मारकर घायल कर दिया। कोतवाली थाना में दी रिपोर्ट में ओमप्रकाश पुत्र श्योकरण जाट निवासी सिरसला हाल हैड कांस्टेबल पुलिस लाईन चूरू ने लिखा है कि वह अपनी बाईक लेकर बाजार की ओर जा रहा था। उसी समय भू जल विभाग में नौकरी करने वाले लक्ष्मणसिंह ने उसकी बाईक को कार की टक्कर मार दी। कार चालक लक्ष्मणसिंह शराब के नशे में था। टक्कर मारने के बाद घायल हैड कांस्टेबल को आरोपी अस्पताल भी नहीं ले गया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आठ लाख की चोरी का खुलासा, ट्रक चालक और रिश्तेदार गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के करवड़ क्षेत्र में गत 29 दिसम्बर की रात को एक सूने मकान में हुई आठ लाख की चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक ट्रक चालक और रिश्तेदार को पकड़ा है। यह लोग भीलवाड़ा और चितौडगढ़ से आते और ट्रक में चोरी कर लौट जाते। ट्रक को चोरी के काम में ही लेते थे। पुलिस ने ट्रक का पता लगाने के लिए अजमेर के ब्यावर और बैगू तक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और बदमाशों को अब पकड़ लिया। फिलहाल एक चोरी का खुलासा हुआ है। अन्य आपराधिक रिकार्ड भी देखा जा रहा है।

करवड़ थानाधिकारी बुधाराम ने बताया कि गत 29 दिसम्बर को मदनलाल खिंची के मकान में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर वहां से 16 तोला सोना, एक

■ 16 तोला सोना, एक किलो चांदी और 85 हजार से ज्यादा की नगदी चुराई थी

किलो चांदी और 85 हजार से ज्यादा की नगदी चुराई थी, जिस बारे में केस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि मामले में चोरों का पता लगाने के लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला। तब घड़ाव गांव के पास में एक संदिग्ध ट्रक सूने स्थान पर खड़ा नजर आया। जिस पर उसकी लोकेशन और फुटेजों को देखा तो पता लगा कि यह ट्रक अजमेर ब्यावर होते हुए बैग चितौड़गढ़ तक नजर आया है। आखिरकार पुलिस ने ट्रक का पता लगाते हुए उसे एक वर्कशॉप में पड़ा पाया। बाद में पुलिस ने ट्रक लाने वाले उसके चालक मालिक भीलवाड़ा के मांडलगढ़ स्थित लाडपुरा निवासी कालू कंजर पुत्र सुरेश कंजर को पकड़ा। इस पर उससे चोरी का खुलासा हुआ। इस काम में उसने अपने एक अन्य रिश्तेदार चितौड़गढ़ के मंडावरा बैगू निवासी जितेंद्र पुत्र आसाराम कंजर का साथ होना बताया। पुलिस उसे भी गिरफ्तार कर लाई है।

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी कालू कंजर खुद ट्रक चलाने के साथ मालिक भी है। वह ट्रक को चोरी के लिए ही प्रयुक्त करता था। अपने किसी परिचित को साथ लेता और सूने मकानों की रैकी कर बाद में चोरी कर लेते। इसके बाद ट्रक लेकर फिर अपने गांव लौट आता।

# 29 जनवरी तक उत्कर्ष ऑनलाइन कोर्सेस पर छूट

**जोधपुर, (कासं)।** उत्कर्ष क्लासेस द्वारा 74वें गणतंत्र दिवस के गौरवमयी अवसर पर देश भर के विद्यार्थियों के लिए उत्कर्ष एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर दोहरा लाभ प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। इसके तहत 25 से 29 जनवरी तक उत्कर्ष एप के 650 से अधिक ऑनलाइन कोर्सेस पर 90 प्रतिशत तक की छूट तथा लाइव कोर्स के साथ उसी कोर्स का रिकॉर्डेड ऑनलाइन कोर्स निःशुल्क दिया जा रहा है। उत्कर्ष एप को अब तक 1 करोड़ से अधिक विद्यार्थी डाउनलोड कर चुके हैं तथा यह एप अपने कई यूनिक फीचर्स के कारण विद्यार्थियों का पसंदीदा एप है।

उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने देश भर के सभी विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए बताया कि इस अवसर पर संस्थान द्वारा रखे गए दोहरे लाभ ऑफर के अंतर्गत उत्कर्ष एप में उपलब्ध सभी केन्द्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं एवं स्कूली ट्यूशन के ऑनलाइन कोर्सेस पर भारी डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके साथ ही जिन विद्यार्थियों को लाइव कोर्सेस के साथ तैयारी करने में रुचि हैं उन्हें वे ऑनलाइन कोर्स नाममात्र के शुल्क में मिलने के साथ ही उसी कोर्स का सम्पूर्ण रिकॉर्डेड ऑनलाइन कोर्स भी निःशुल्क प्राप्त होगा। विद्यार्थी उत्कर्ष एप के ऑनलाइन कोर्सेस सीएससी या ई-मित्र से खरीदने पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त डिस्काउंट पाकर भी लाभान्वित हो सकते हैं। डिस्काउंट ऑफर के अतिरिक्त उत्कर्ष एप में प्रत्येक परीक्षा की तैयारी के लिए पाँच ऑनलाइन मॉडल टेस्ट पेपर्स भी निःशुल्क उपलब्ध हैं।



डॉ. निर्मल गहलोत

■ लाइव कोर्स के साथ सम्पूर्ण रिकॉर्डेड कोर्स निःशुल्क

■ 74वें गणतंत्र दिवस पर उत्कर्ष की दोहरी सौगात

डॉ. गहलोत ने बताया कि उत्कर्ष एप में आईएएस, एसएससी, बैंक, रेलवे, केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) इत्यादि के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा एवं बिहार के विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित नीट-जेईई, क्लेट, सीयूईटी, डिफेंस, नर्सिंग, कृषि, न्यायपालिका परीक्षा, इंजीनियरिंग के ऑनलाइन कोर्सेस तथा सीबीएसई एवं विभिन्न राज्य बोर्ड के तहत कक्षा 6 से 12 तक (हिंदी व अंठोजी माध्यम) के ऑनलाइन ट्यूशन कोर्सेस उपलब्ध हैं। इन सभी श्रेणियों पर यह दोहरा लाभ ऑफर दिया जा रहा है।

डॉ. गहलोत ने जानकारी प्रदान की कि इस महा डिस्काउंट ऑफर के अलावा 28 जनवरी को प्रतियोगी परीक्षाओं की विभिन्न श्रेणियों को लेकर ऑनलाइन मेगा इनामी टेस्ट भी आयोजित किया जाएगा जिसमें देश भर के विद्यार्थी उत्कर्ष एप के माध्यम से बतौर प्रतिभागी भाग लेकर अपनी-अपनी तैयारी की परख कर सकते हैं। प्रातः 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक आयोजित इस टेस्ट की विभिन्न श्रेणियों में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में से 1000 भाग्यशाली विजेताओं का चयन लक्की ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को 500 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# दुष्कर्मियों को उम्रकैद

**डूंगरपुर, (निसं)।** छात्रा के दुष्कर्म करने के मामले पॉस्को कोर्ट ने 2 आरोपी को उम्रक़ैद की सजा सुनाई हैं। वहीं, कोर्ट ने दोषी चंदूलाल को 3 लाख 15 हज़ार 500 रुपये का जुर्माना और दोषी निलेश को 2 लाख 15 हज़ार रुपये का जुर्माना लगाया हैं। सरकारी वकील योगेश जोशी ने बताया कि पीड़ित ने थाने में 22 दिसंबर 2022 को रिपोर्ट देकर बताया कि वो खेत में घास काटा रही हैं थी। तब आरोपी चंदूलाल और निलेश बाइक लेकर आये। इसके बाद उसे जबरन बाइक पर बिठाकर विष्णु मंदिर के पास ले जाकर पीड़िता के साथ चंदू ने दुष्कर्म किया। वही, निलेश ने चंदू का साथ दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाने में दोनों आरोपियों के ख़िलाफ़ रेप का मामला दर्ज करवाया था।

# शराब की 402 पेटियों से भरा ट्रक पकड़ा, दो गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** आबकारी पुलिस ने पंजाब से गुजरात जा रही 402 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब जब्त की है। यह कार्रवाई नेशनल हाईवे 62 पर चक 22 एमएल के पास नाकाबंदी के दौरान की गई। पंजाब निवासी ट्रक चालक और परिचालक को मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. नरेंद्रकुमार थोरी ने बताया कि आबकारी निरीक्षक मनीष पारीक, आबकारी ग्रामीण थानाधिकारी जयदयाल यादव, थानाधिकारी बनवारी लाल सैनी की ओर से मुखबिर की सूचना पर गश्त करते हुए नाकाबंदी की गई।

जानकारी के अनुसार सूरतगढ़ रोड नेशनल हाईवे 62 पर गांव 22 एमएल के पास नाकाबंदी की गई। इस दौरान पंजाब से गुजरात जा रहे ट्रक की तलाशी ली गई। ट्रक में अनार के सूखे छिल्कों से भरे प्लास्टिक कट्टों के नीचे छिपाई 402 पेटियों में पंजाब निर्मित अवैध

■ अनार के सूखे छिल्कों से भरे प्लास्टिक कट्टों के नीचे छिपाई थी शराब

अंग्रेजी शराब की 4824 विभिन्न ब्रांड की बोतलें बरामद की गईं। ट्रक के ड्राइवर गुरसाहिब सिंह व उसके साथी परमजीत सिंह को मौके पर दस्तयाब किया गया। वहीं ट्रक, इसमें भरे अनार के सूखे छिलकों तथा अंग्रेजी शराब को जब्त कर आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को मंगलवार को अदालत में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा ताकि इस रैकेट की तह तक जाया जा सके। उल्लेखनीय है कि राजियासर पुलिस ने भी पिछले सप्ताह ऐसा ही ट्रक पकड़ा था, जिसमें 500 से ज्यादा पेटी थी और वह नमक की आड़ में ले जाई जा रही थी।

# नगदी छीनने वाले चार गिरफ्तार

**धौलपुर, (निस)।** धौलपुर शहर की सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भरतपुर बाईपास रोड ओवरब्रिज के पास से ट्रक चालक को बंधक बनाकर रुपए छीनकर भागने वाले चार आरोपियों को घटना के महज 4 घण्टे में ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

सदर थाना प्रभारी हनुमान सहाय ने बताया कि 23 जनवरी को भरतपुर बाईपास रोड ओवर ब्रिज के पास से ट्रक चालक को बंधक बनाकर रुपए छीनकर भागने वाले 4 आरोपियों को घटना के महज 4 घण्टे के अन्तराल में ही आरोपी अग्रसेन पुत्र मान सिंह गुर्जर निवासी भीका का पुरा मौरोली, अतवीर सिंह पुत्र हरिप्रसाद गुर्जर निवासी महात्मानन्द की बगीची पुराना शहर धौलपुर, नरवीर पुत्र हरिप्रसाद गुर्जर निवासी महात्मानन्द की बगीची पुराना शहर धौलपुर, सतीश पुत्र पूरन सिंह गुर्जर निवासी मसूदपुर थाना सहाय छोला जिला मुरैना को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# बेटे के बाद अब महिला ने तोड़ा दम

**हनुमानगढ़, (निसं)।** अफीम तस्करों के पीलीबंगा के वार्ड 9 में घर में पेट्रोल छिड़क कर दंपती और बेटे को जिंदा जलाने के मामले में बेटे के बाद अब झुलसी महिला की भी मौत गई। गंभीर रूप से झुलसी महिला का बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में इलाज चल रहा था। सात वर्षीय बेटे की पहले ही मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि पीलीबंगा के वार्ड 9 निवासी जसवीर दास उर्फ मद्दी, उसकी पत्नी मनप्रीत कौर और बेटा एकमजीत दास 19 जनवरी को अलसुबह करीब साढ़े पांच बजे घर के कमरे में सो रहे थे। उसी समय किसी ने घर में पेट्रोल छिड़क आग लगा दी। आग लगने से कमरे में बेड पर सो रहे पति-पत्नी और बेटा झुलस गए। तीनों को झुलसी अवस्था में पीलीबंगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। यहां से हनुमानगढ़ के गवर्नमेंट जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से मनप्रीत कौर और एकमजीत को हायर सेंटर बीकानेर रेफर कर दिया। वहीं, जसवीर दास को भर्ती कर इलाज शुरू किया। उसी दिन बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में इलाज के दौरान एकमजीत दास ने दम तोड़ दिया। महिला ने भी रात को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

जसवीर दास ने पुलिस को बताया था कि वह पहले चिट्टे का नशा करता था। तब वह जिनसे चिट्टा खरीदता था, अब उन्हीं लोगों ने उसकी गली में चिट्टा

■ तस्करों ने पेट्रोल छिड़क कर लगाई थी आग

■ बीकानेर में चल रहा था इलाज

बेचना शुरू कर दिया था। जब उसने उन लोगों को चिट्टा बेचने से रोका तो उन लोगों ने हाथापाई की। तब इन लोगों ने धमकी दी कि वे उसे देख लेंगे। यही लोग बाल्टी में पेट्रोल भरकर उसके घर आए और पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मात्र 6 घंटे में पड़ोसी राज्य पंजाब से शारज सिंह उर्फ गोरा (27) पुत्र बाजसिंह मजहबी निवासी झोरड़खेड़ा पीएस बहाववाला तहसील अबोहर हाल किराएदार ढाणी चिराग पीएस अबोहर सिटी-1 जिला फाजिल्का (पंजाब) व उसके पिता बाजसिंह (53) पुत्र मुकंद सिंह को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि जसवीर दास उर्फ मद्दी के साथ उनका चिट्टा खरीद के रुपयों का विवाद था। जसवीर दास ने रुपए देने से मना कर दिया। इस पर रंजिशवश उन्होंने बाल्टी में भरा पेट्रोल जसवीर दास उर्फ मद्दी के रिहायशी मकान में फेंककर लाइटर से आग लगा दी। पुलिस ने इस मामले में अन्य लोगों के भी संलिप्त होने की जानकारी दी।

# अनिश्चितकालीन धरना जारी

**सांचोर, (निसं)।** सांचोर उपखंड कार्यालय भारतमाला परियोजना नेशनल हाईवे गुजरात सिक्स लाइन प्रोजेक्ट गुजरात बॉर्डर सेक्शन नंबर एनएच 754 अमृतसर से जामनगर इकोनामिक कॉरिडोर राजस्थान ईपीसी मॉड फेस फर्स्ट निर्माणाधीन कंपनी के द्वारा डीपीआर के अनुसार कार्य नहीं करने को लेकर अनिशितकालीन धरना मंगलवार को दूसरे दिन जारी रहा।

एसडीएम के मार्फत नितिन गडकरी मंत्री रोड़ एवं ट्रांसपोर्ट नेशनल हाईवे के नाम ज्ञापन दिया। भारतमाला नेशनल हाईवे घोटाला व डीपीआर एष्टीमेंट प्रोफाइल पर कार्य करवाने की मांग को लेकर गलत कार्य की जांच करने की मांग की है। वही डीपी आर एवं ड्राइंग की लागत ने वेरिएशन कंपनी अपने बिल में से भुगतान करना था परंतु इसी समय तक कंपनी एमएसपी अथॉरिटी इंजीनियर एनएचआई अधिकारियों द्वारा भारी रिश्वत लेकर इस प्रकार के अनियमितता को दबा दिया गया है। जिसकी जांच एनएचआई विजिलेंस से कराने की मांग की है। ग्राम लाछडी में कंपनी का बेस प्लांट पिछले दो सालों से अवैध तरीके से नियम के विरुद्ध कृषि भूमि चल रहा है और कारोला में अवैध तरीका डामर प्लांट पिछले 12 महीने से चल रहा है। जिसकी शिकायत उपखंड अधिकारी तहसीलदार को की। लेकिन एसडीएम सांचौर तहसीलदार द्वारा कंपनी को अनुचित फायदा लेकर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# जेईई-मेन की परीक्षा शुरू, पहले दिन का पेपर सामान्य रहा

## तीनों विषयों में से किसी भी विषय में विद्यार्थियों को किसी विशेष तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा

**कोटा, (निसं)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जा रही देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन का जनवरी सेशन की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई। कम्प्यूटर बेस्ड मोड पर कोटा में दो परीक्षा केन्द्रों पर यह परीक्षा हुई।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि स्टूडेंट्स के फीडबैक व सीसैट पर प्राप्त रिस्पॉन्सेज के आधार पर यह कहा जा सकता है कि पहले दिन का पेपर सामान्य रहा। तीनों विषयों में से किसी भी विषय में विद्यार्थियों को किसी विशेष तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। पेपर पैटर्न में भी किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया। 20 सवाल मल्टीपल च्वाइस के थे, जिसमें से 2-3 एसरशन-रिजनिंग (कथन और कारण) वाले थे। 10 न्यूमेरिकल वैल्यू के रहे। न्यूमेरिकल वैल्यू के 10 में से 5 सवाल ही हल करने थे।

कक्षा 11 से करीब 40 तथा कक्षा 12 से करीब 60 प्रतिशत सवाल पूछे गए। सुबह की पारी में फिजिक्स का पेपर सामान्य रहा। मैकेनिक्स से संबंधित काइनेमेटिक्स, एनएलएम रोटेशन से सवाल पूछे गए। इलास्टीसिटी थर्मोडायनेमिक्स के साथ-साथ इलास्टिसिटी और थर्मल एक्सपांशन के प्रश्न पूछे गए। एरर, फ्लुड और साउंड वेव से कोई सवाल नहीं था। जेईई-मेन एक्सक्लूसिव टॉपिक्स में सेमी कंडक्टर और कम्यूनिकेशन सिस्टम के प्रश्न शामिल किए गए। एक सवाल फोटो डायोड से भी रहा। केमेस्ट्री का पेपर सामान्य से कठिन रहा। पहले भाग में मैचिंग लिस्ट और एसरशन-रिजनिंग टाइप प्रश्न भी पूछे गए। फिजिकल कैमेस्ट्री में गैसीय अवस्था, परमाणु संरचना, केमिकल काइनेटिक्स, आयनिक साम्य, वैद्युत रसायन, उष्मा गतिकी तथा लिक्विड विलयन व सरफेस कैमेस्ट्री के मिश्रित सवाल थे। ऑर्गेनिक कैमेस्ट्री में जीओसी, शुद्धिकरण तकनीक, हैलोजन डेरिवेटिव, ग्रिगनार्ड अभिकर्मक, एलडोल कंडेशेषण, बायोमोलीक्यूल तथा कैमेस्ट्री इन एवरी-डे लाइफ के प्रश्न थे। इनऑर्गेनिक कैमेस्ट्री में हाइड्रोजन बंधन, मैग्नेटिक मोमेंट, मेटलर्जी, साल्ट एनालिसिस तथा एस व डी ब्लॉक एवं एनवायरमेंटल रसायन शास्त्र से सवाल पूछे गए। मैथ्स का पेपर सामान्य रहा, गत वर्ष की तुलना में आसान कहा जा सकता है।



जेईई मेंस के पेपर को लेकर छात्रों में उत्सुकता रही।

कैल्कुलस में 6 से 7 सवाल सामान्य स्तर के रहे। कॉर्डिनेट ज्योमेट्री से 4 सवाल पूछे गए। वेक्टर-3डी से भी 4 सवाल तथा मैट्रिक्स से एक सवाल पूछा गया। डिटरमिनेंट से भी एक सवाल तथा क्वाड्रैटिक-डिटरमिनेंट का मिक्स सवाल भी पूछा गया। एलजेब्रा से 35 से 40 प्रतिशत सवाल पूछे गए। जेईई-मेन टॉपिक्स के रीजनिंग ओर रिलेशन से 1-1 सवाल पूछा गया।

# 'सी.बी.आई. से जांच करवाई तो 8 साल तक जांच चलेगी, 15 साल तक भर्तियां नहीं होंगी, बच्चों को भविष्य खराब हो जायेगा'

## मंत्री धारीवाल ने सदन में पेपर लीक काण्ड की सी.बी.आई. से जांच न कराने के लिये अजीबो-गरीब तर्क दिया

**- विधानसभा संवाददाता -**

**जयपुर।** शिक्षक भर्ती पेपरलीक प्रकरण की सीबीआई जांच करवाने से संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल ने साफ मना कर दिया हैं। जिस पर नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और तमाम बीजेपी विधायकों के साथ उनकी जमकर नोकझोंक भी हुई। हंगामा इतना बढ़ा कि स्पीकर को 10 मिनट तक सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी और फिर चर्चा खत्म करने का फरमान सुनाना पड़ा।

दरअसल विधानसभा में मंगलवार को जैसे ही शून्यकाल शुरू हुआ तो विपक्ष ने पेपरलीक प्रकरण उठाते हुए गहलोत सरकार को घेर लिया। स्पीकर डॉ.सी.पी.जोशी ने भी इस मुद्दे पर सदन में चर्चा करवाई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल और नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। इस कारण सदन में काफी देर तक हंगामा हुआ, जिस पर स्पीकर ने पहले 10 मिनट तक कार्यवाही स्थगित की, फिर करीब ढाई घंटे में ही चर्चा खत्म करवा दी।

- इस मुद्दे पर नाराज नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया व मंत्री धारीवाल के बीच तीखी नोंकझोंक हुई
- हंगामा बढ़ता देख स्पीकर ने 10 मिनट तक सदन की कार्यवाही स्थगित की, फिर चर्चा खत्म करवा दी

संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल ने पेपरलीक प्रकरण पर सरकार की तरफ से जवाब दिया। उन्होंने विपक्ष की सीबीआई जांच की मांग को खारिज करते हुए कहा ''पेपरलीक प्रकरण की जांच अगर सी.बी.आई. को दिया गया तो क्या होगा? 8 साल तो इन्वेस्टिगेशन चलता रहेगा और जो सारे दस्तावेज हैं वे सब सी.बी.आई. ले जाएगी। फिर 15 साल तक भर्ती परीक्षाएं नहीं हो पाएगी। स्टूडेंट्स का भविष्य खराब हो जाएगा।''

धारीवाल ने कहा कि पेपरलीक मामले में तेजी से जांच करवाई जा रही है और इसकी डे-टू-डे मॉनिटरिंग की जा रही है। दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाएंगे। हमारा कमिटमेंट है कि स्टूडेंट्स का भविष्य खराब न हो, इसलिए परीक्षा करवाकर भर्ती की जाएगी। राजस्थान पुलिस जांच करने में सक्षम है और सीबीआई जांच की मांग को खारिज करता हूं।

इससे पहले पेपरलीक पर बहस के दौरान उस वक्त हंगामा हुआ, जब शिक्षा मंत्री बी.डी.कल्ला के जवाब से नाराज नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने बायकॉट करने की घोषणा की। इस पर मंत्री शांति धारीवाल ने बीच में टोकते हुए कहा कि पहले पूरा जवाब सुनकर जाइए। धारीवाल के टोकने पर कटारिया नाराज हो गए और कहा क्या जवाब सुन लें? इसके बाद कटारिया और धारीवाल के बीच नोकझोंक हो गई। जिस पर बीजेपी विधायकों ने भी हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर सी.पी.जोशी ने पहले तो सभी को शांत कराना चाहा, फिर दोपहर 1:57 बजे 10 मिनट के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। पुन: 2:07 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर ने विधायकों के बर्ताव पर नाराजगी जताई। सी.पी.जोशी ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दिन स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा नहीं होती, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए परंपरा तोड़कर पेपरलीक के स्थगन पर चर्चा की मंजूरी दी है। हमें भर्ती प्रक्रिया से परीक्षाओं के पैटर्न पर चर्चा की जरूरत है।

# प्रदेश में मंगलवार को कोई भी नया करोना संक्रमित नहीं मिला

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** प्रदेश में दो दिन बाद मंगलवार को फिर करोना संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। हालांकि इस बीच राज्य में किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। प्रदेश में फिलहाल 5 एक्टिव केस मौजूद है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना का कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है। इससे पहले सोमवार को तीन रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी आज एक भी नया संक्रमित सामने नहीं आया है। जिले में सोमवार को एक संक्रमित मिलने के बाद फिलहाल एक एक्टिव केस है। उधर प्रदेश में भी आज किसी भी मरीज के रिकवर नहीं होने से पांच एक्टिव केस बने हुए हैं। इनमें जोधपुर में 3, जयपुर तथा नागौर में 1-1 एक्टिव केस बचा है। प्रदेश में मंगलवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9654 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में कोविड वैक्सीनेशन में एक बार फिर तेजी आई है। इसके तहत मंगलवार को 14 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को टीके लगाये गये है। इनमें 11हजार 463 लोगों को प्रोकॉशन डोज दी गई है।

# चोलामंडलम बीमा कंपनी पर 2.62 लाख रुपये का हर्जाना

**जयपुर।** जिले की स्थाई लोक अदालत ने पात्र होने के बावजूद भी बीमा राशि का भुगतान नहीं करने पर चोलामंडलम बीमा जनरल बीमा कंपनी पर 21 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही अदालत ने परिवाद व्यय के तौर पर अलग से 5100 रुपए अदा करने के आदेश देते हुए 2.62 लाख रुपए की क्लेम राशि भी ब्याज सहित देने को कहा है। अदालत ने यह आदेश अमरचन्द खींची के परिवाद पर दिए।

परिवाद में कहा गया कि प्रार्थी का ट्रक 9 जून 2020 को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। बीमा राशि के भुगतान के लिए समस्त कार्रवाई करने के बाद भी बीमा कंपनी ने क्षितपूर्ति राशि का भुगतान नहीं किया। वहीं बीमा कंपनी की ओर से कहा गया कि सर्वेयर ने 2.62 लाख रुपए के नुकसान का आंकलन किया था, लेकिन परिवादी ने वाहन खरीदने के बाद उक्त वाहन का परमिट अपने नाम ट्रांसफर नहीं कराया। ऐसे में परिवादी पूर्व पंजीकृत स्वामी के नाम से जारी वाहन के परमिट के आधार पर वाहन प्रयोग में लेने का अधिकार नहीं रखता है। इसलिए बीमा शर्तों की अवहेलना करने पर क्लेम राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

# शर्म की बात है! पेपरलीक के डाकू बाहर खुले घूम रहे हैं : गुलाबचंद कटारिया

## ''5-7 लाख रु. लेकर पेपर सॉल्व कराने वाले पकड़े थे, उनकी भी जमानत हो गई''

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर।** शिक्षक भर्ती पेपरलीक मुद्दे को लेकर नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने सदन में गहलोत सरकार पर जमकर हमला बोला। कटारिया ने कहा कि बड़े शर्म की बात है ! पेपरलीक के डाकू बाहर खुले घूम रहे हैं। दिखावे के लिए 5-7 लाख रुपये लेकर पेपर सॉल्व करवाने वाले जिन लोगों को पकड़ा था, उन सब की जमानत हो गई। इस सदन की कमेटी बनाकर कम से कम परीक्षा प्रणाली को सुधारने का कदम उठाइए। नेता प्रतिपक्ष ने यह बात मंगलवार को शून्यकाल में सदन में पेपरलीक प्रकरण पर बहस के दौरान कही।

गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि ''हकीकत यह है कि पेपरलीक की घटनाएं रोकने में सरकार फेल है, पेपरलीक के डाकू तभी पकड़े जाते, जब गंभीरता से जांच होती। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी.कल्ला ने केवल सतही जवाब दिया है। बाहर के राज्यों का नाम लेकर आप बच नहीं सकते। अब तो परीक्षा सिस्टम देखकर बोलने का मन नहीं करता, इसमें सुधार होगा, तभी बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहेगा।''

उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने सदन में

- राजेन्द्र राठौड़ बोले : कांग्रेस नेताओं की जिन स्कूल-कॉलेजों में पेपरलीक हुए, मान्यता आज तक खत्म नहीं की, यह पक्षपात है।
- ''शिक्षक भर्ती पेपरलीक की जिम्मेदार आर.पी.एस.सी. है। चेयरमैन को मालूम है, पेपर कहां प्रिंट होता है, कहीं बिल्ली को तो दूध की रखवाली नहीं सौंप दी?''

सरकार पर पेपरलीक मामले की जांच में पक्षपात करने का आरोप लगाया। राठौड़ ने कहा कि कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के पेपरलीक हुए, वे स्कूल कांग्रेस नेताओं के थे, आज तक उन स्कूलों की मान्यता खत्म नहीं की। झोटवाड़ा की दिवाकर स्कूल का नाम कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के पेपर लीक में आया था, उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की। एस.आई. परीक्षा में जागृति स्कूल जयपुर के खिलाफ भी कार्रवाई नहीं की। यह स्कूल कांग्रेस नेता का है, इसलिए कार्रवाई नहीं की। इस तरह दोहरे मापदंड अपनाए जा रहे हैं। एंटी चीटिंग बिल के नाम पर कुछ लोगों पर कार्रवाई करना और कुछ को छोड़ देना, यह पक्षपात किया जा रहा है। इस सरकार को युवा की आह खा जाएगी।

राठौड़ ने कहा कि आप उत्तरप्रदेश की बात कर रहे थे, वहां पेपर लीक करने पर एनएसए लगता है, आप भी लगाओ। इस बार आरपीएससी से पेपर आउट हुआ है। आरपीएससी ही प्रश्न का सिलेक्शन करने वाला है। केवल आरपीएससी चेयरमैन को ही पता होता है कि पेपर कहां से प्रिंट होता है। कहीं बिल्ली को तो दूध की रखवाली करने का जिम्मा नहीं सौंप दिया।

उन्होंने कहा कि टेक्निकल हैल्पर की परीक्षा में एक ही सेंटर से 50 स्टूडेंट पास हुए। शिक्षक भर्ती का पेपर लीक करने वाला सुरेश ढाका और उसका साथी यूथ कांग्रेस के चुनाव में साइबर हैकिंग करके मुकेश भाकर को हरवाकर चहेते उम्मीदवार को चुनाव जितवाया था। ये तार तो कहीं के कहीं जुड़ रहे हैं।

# पच्चीस हाईटेक इंटरसेप्टर को रवाना किया

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास से 25 हाईजेक इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डिजिटल तकनीक से सुसज्जित इंटरसेप्टर रात्रि में भी गति मापने एवं वाहन नंबर प्लेट पढ़ने में सक्षम हैं। ये वाहन सड़क सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने में कारगर साबित होंगे। राज्य सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा कोष से लगभग 5 करोड़ रुपए लागत से राजस्थान पुलिस को इंटरसेप्टर उपलब्ध कराए गए हैं।

गहलोत ने कहा कि पुलिस एवं संबंधित विभागों को अत्याधुनिक संसाधनों व जागरुकता अभियानों के लिए वित्तीय स्वीकृतियां दी जा रही है ।

# विधानसभाध्यक्ष ने प्रतियोगी परीक्षाओं में तमिलनाडु पैटर्न अपनाने का सुझाव दिया

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में आज प्रतियोगी परीक्षाओं में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने का मामला उठा। इस पर विधानसभाध्यक्ष ने मंत्री बी.डी.कल्ला को तमिलनाडु पैटर्न अपनाने का सुझाव दिया। इसमें कहा गया हैं कि स्थानीय स्कूल कॉलेजों में अध्ययन किए हुए विद्यार्थी ही परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इससे संविधान के प्रावधानों का भी उल्लंघन नहीं होगा और स्थानीय को लाभ मिल सकेगा।

- विधानसभा में प्रतियोगी परीक्षाओं में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने का मुद्दा उठा

प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक वासुदेव देवनानी के सवाल पर मंत्री कल्ला ने कहा कि राज्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में राजस्थान की संस्कृति, इतिहास, भूगोल आदि से संबंधित करीब 30 से 40 प्रतिशत प्रश्न शामिल होते हैं, जिससे स्थानीय अभ्यर्थियों को भर्ती में लाभ मिल सके। कल्ला ने प्रश्नकाल के दौरान बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से साल 2012 से अब तक आयोजित परीक्षाओं में राज्य से बाहर के मात्र 1.05 प्रतिशत अभ्यर्थी तथा राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित परीक्षाओं में अब तक 0.90 प्रतिशत बाहर के अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों को भर्तियों में आरक्षण देने के सम्बन्ध में कोई प्रावधान नहीं है।

डॉ. कल्ला ने कहा कि पंजाब, तमिलनाडु, गुजरात की स्थानीय भाषा मान्यता प्राप्त है, जबकि राजस्थान की भाषा मान्यता प्राप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा को मान्यता के लिए प्रस्ताव विचाराधीन है। अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

इससे पहले डॉ. कल्ला ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश की भर्तियों में स्थानीय प्रदेशवासियों के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को कुल भर्तियों में से 64 प्रतिशत पदों पर केवल राजस्थान के स्थानीय निवासियों से भरे जाने का प्रावधान है। इसके अलावा भूतपूर्व सैनिक जिनका आरक्षण क्षैतिज है, उनको भी स्थानीय निवासियों से भरे जाने का प्रावधान है।

# वनडे में भी नं. 1 बना भारत

## तीसरे मैच में न्यूजीलैंड को 90 रन से हराया

नई दिल्ली 24 जनवरी। इंदौर के होलकर मैदान पर भारत ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 385/9 का स्कोर बनाया। गिल ने 78 गेंदों पर 112 रन बनाए जबकि रोहित ने 85 गेंदों पर 101 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा हार्दिक पंड्या ने भी अच्छी बैटिंग की। उन्होंने 38 गेंदों पर 54 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से जैकब डफी और ब्लेयर टिकनर ने 3-3 विकेट लिए। 26 ओवर में भारत का स्कोर बिना विकेट खोए 212 रन था। तभी रोहित आउट हुए। इसके कुछ देर बाद शुभमन गिल भी पवेलियन लौट गए। विराट कोहली (36), ईशान किशन (17) और सूर्यकुमार यादव (14) ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके। हार्दिक और शार्दूल ठाकुर ने सातवें विकेट के लिए 54 रन जोड़कर भारत को फिर ट्रैक पर वापस लौटाया। यह वनडे क्रिकेट में भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। टीम इंडिया ने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर 8 मार्च 2009 को क्राइस्टचर्च में बनाया था। तब भारत ने 50 ओवर में 4 विकेट पर 392 रन बनाए थे।

**पहला:** रोहित शर्मा को ब्रेसवेल ने बोल्ड कर दिया।

**दूसरा :** गिल को ब्लेयर टेकनर ने कॉन्वे के हाथों कैच कराया।

**तीसरा :** ईशान किशन रनआउट हो गए।

**चौथा :** जैकब डफी की बॉल पर विराट कोहली वाइड मिडऑफ में खड़े फिन एलेन को कैच दे बैठे।

**पांचवां :** सूर्या जैकब की बॉल पर लॉन्ग ऑन पर कॉन्वे के हाथों कैच हुए।

**छठा :** टेकनर ने सुंदर को डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया।

**सातवां :** शार्दुल ठाकुर टेकनर की बॉल को विकेट के पीछे खेलना चाहते थे, लेकिन टॉम लैथम के हाथों कैच हुए।

**आठवां :** पंड्या डफी की बॉल पर कॉन्वे को कैच दे बैठे।

**नौवां :** आखिरी बॉल पर कुलदीप यादव रन आउट हुए।

### रोहित-गिल ने दिलाई मजबूत शुरुआत

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने टीम इंडिया को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों 157 गेंदों पर 212 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। रोहित ने अपने वनडे करियर का 30वां शतक बनाया। तो गिल ने छठी सेंचुरी पूरी की।

कप्तान रोहित के बल्ले से तीन साल बाद वनडे शतक आया है। तो गिल ने पिछले चार मैचों में तीसरी सेंचुरी जमाई है। 2019 के बाद से भारत के दोनों ओपनर्स ने शतक जमाए हैं। इससे पहले रोहित और राहुल ने ऐसा किया था।

### बतौर फुलटाइम ओपनर रोहित के 10 साल पूरे

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने वनडे में बतौर फुलटाइम ओपनर 10 साल पूरे कर लिए हैं। वे पारी की शुरुआत करते हुए 55.93 के एवरेज और 92.71 के स्ट्राइक रेट से 7663 रन बना चुके हैं।

### शमी-सिराज को आराम, मलिक-चहल को मौका

रोहित शर्मा ने अपनी टीम में दो बदलाव किए हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की जगह उमरान मलिक और चहल को मौका दिया गया है। वहीं, कीवी कप्तान टॉम लॉथम ने शिप्ले की जगह डफी को प्लेइंग में शामिल किया है।

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, उमरान मलिक, कुलदीप यादव और यजुवेंद्र चहल।

**न्यूजीलैंड:** ड्वेन कॉन्वे, फिन एलेन, हेनरी निकल्स, डेरिल मिचेल, टॉम लॉथम, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, लोकी फर्ग्युसन, जैकब डफी, मिचेल सेंटनर और ब्लेयर टेकनर।

## धर्मशाला में भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट की तैयारियां

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा मैच 1 मार्च से

नई दिल्ली, 24 जनवरी। भारत और ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच एक मार्च से हिमाचल में धर्मशाला स्थित क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इस मैदान पर खेला जाने वाला यह 20वां अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। इसके लिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्टेडियम में लगी चेयर की रिपेयर चल रही है। स्टेडियम को भी नया रूप दिया जा रहा है। धर्मशाला स्टेडियम देश का पहला ऐसा स्टेडियम है जहां बारिश होने की सूरत में महज 20 मिनट बाद मैच पुनः शुरू हो सकेगा। इसके लिए मई 2021 में पूरे स्टेडियम को खोदकर ठाउंड के नीचे नया ड्रेनेज सिस्टम बिछाया गया था। इस ड्रेनेज सिस्टम के लिए 12.50 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन बिछाई गई है। इसके अलावा मैदान के नीचे वाटर टैंक भी बनाया गया है। बारिश होने की सूरत में महज 20 मिनट के अंदर मैच शुरू के लिए तैयार किया जा सके, इसके लिए एचपीसीए ने यूरोपीय तकनीक सब-एयर के तहत स्टेडियम को तैयार कर दिया है। यूरोप की इस तकनीक को इससे पहले भारत के बंगलुरु स्टेडियम में भी अपनाया गया है। धर्मशाला स्टेडियम देश का पहला क्रिकेट स्टेडियम है जहां बरमूडा की नई किस्म की घास लगाई जा रही है। पसप्लम नामक यह घास गर्मी और सर्दी के मौसम में अलग-अलग रंग में नजर आएगी। मैच के दौरान खिलाड़ियों को इस पर दौड़ लगाने में आसानी होगी। इस घास की सबसे बड़ी खासियत है कि लगाने के बाद इसे 8 साल तक बदलना नहीं पड़ता। धर्मशाला स्टेडियम में नई आउट फील्ड का निर्माण कर रही कंपनी ही इस नई किस्म की बरमूडा घास का बीज मैदान में लगा रही है। करीब 3 महीने में पूरा मैदान नए रूप में नजर आएगा। धर्मशाला स्टेडियम में रणजी मैच बहुत पहले से खेले जाते रहे हैं लेकिन यहां 2013 में पहला अंतरराष्ट्रीय मैच हुआ। 27 जनवरी 2013 को यहां भारत और इंग्लैंड के बीच 1 दिवसीय मैच खेला गया था। अब तक यहां 19 अंतरराष्ट्रीय मैच और के 2 सीजन खेले जा चुके हैं। 19 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 14 टी-20, चार एक दिवसीय और एक टेस्ट मैच शामिल है। धर्मशाला में भारतीय टीम ने चार वनडे, पांच टी-20 और एक टेस्ट मैच खेला है। इनमें दो टी-20 मैच बारिश के कारण धुल गए जबकि नौ टी-20 मैच अन्य देशों की टीमों के बीच खेले गए। सचिव अवनीश ने बताया कि धर्मशाला में अब तक टी-20, वनडे और टेस्ट मैच को मिलाकर 19 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं। इनमें भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच एक टेस्ट मैच भी शामिल है। जबकि दूसरा टेस्ट मैच एक मार्च से भारत-आस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 से 2013 तक के 9 मैच भी खेले जा चुके हैं।

# सानिया-बोपन्ना की जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में

नई दिल्ली, 24 जनवरी। आखिरी ग्रैंड स्लैम खेली रहीं भारतीय स्टार सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन की मिक्स्ड कैटेगरी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय जोड़ी को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में स्पेन के वेगा हर्नांडेज और लाटविया के जेनेना ओस्तापेंको ने वॉकओवर दिया। सेमीफाइनल मुकाबला 26 जनवरी को होगा।

भारतीय जोड़ी ने प्री क्वार्टरफाइनल मुकाबले में उरुग्वे के एरियल बेहर और माकोटो निनोमिया की जोड़ी 6-4 7-6 से हरा कर क्वार्टरफाईनल में प्रवेश किया था। एक घंटे 17 मिनट चले इस मुकाबले के पहले सेट में भारतीय हावी रहे थे। उसके बाद उरुग्वे-जापानी जोड़ी ने कमाल की चुनौती पेश की, हालांकि यह जोड़ी मुकाबले को आखिरी सेट तक नहीं ले सकी।

बोपन्ना-मिर्जा ने 6 साल पहले 2017 में फ्रेंच ओपन का मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता था। साल के पहले ग्रैंड स्लैम की बात करें तो ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिर्जा महेश भूपति के साथ 2009 में चैंपियन बनी थीं। मिर्जा-बोपन्ना ने पहला सेट आसानी से जीता था भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 16 के इस मुकाबले का पहला सेट आसानी से जीत लिया। इसका स्कोर 6-4 रहा। दूसरे सेट में उरुग्वे-जापानी जोड़ी ने मिर्जा-बोपन्ना को जबर्दस्त चुनौती दी। मुकाबला टाइब्रेकर तक गया, हालांकि जीत भारतीयों के पक्ष में रही। इसका स्कोर 7(11)-6 (9) रहा। रियो ओलिंपिक की सेमीफाइनलिस्ट भारतीय जोड़ी ने दो दिन पहले वाइल्ड कार्ड एंट्री प्राप्त ऑस्ट्रेलिया की जैमी फोरलिस और ल्यूक सैविल को एक घंटे 14 मिनट में 7-5, 6-3 से हराया था।

साल के पहले ठौंड स्लैम के 7वें दिन भारतीय स्टार सानिया मिर्जा अपनी जोड़ीदार एना डानिलिना के साथ दूसरे दौर में उलटफेर का शिकार हुई। भारत-कजाख की 8वीं सीड जोड़ी को बेल्जियम की एलिसन वान उइतवैंक और यूक्रेन की एनहेलिना कलिनिना की गैरवरीय जोड़ी ने 4-6, 6-4, 2-6 से हराया। यह मुकाबला करीब 2 घंटे तक चला। सानिया मिर्जा और एना डेनिलिना ने डालमा गल्फी और बर्नार्डा पेरा की हंगरी-अमेरिकी जोड़ी को हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया था।

# मेंस वनडे टीम ऑफ द ईयर में 2 भारतीय

नई दिल्ली, 24 जनवरी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने साल 2022 की मेंस और विमेंस वनडे टीम ऑफ द ईयर का ऐलान कर दिया है। मेंस टीम में दो और विमेंस टीम में तीन भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है। मिडिल ऑर्डर बैटर श्रेयस अय्यर और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज मेंस टीम में शामिल किए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम को टीम का कप्तान चुना गया है। विमेंस टीम में भारत की स्मृति मंधना, रेणुका सिंह और हरमनप्रीत कौर को जगह मिली है। हरमनप्रीत को टीम का कप्तान बनाया गया है। इन टीमों का चयन 2022 में वनडे के प्रदर्शन के आधार पर किया है।

# रणजी में वापसी कर विकेटरहित रहे जडेजा

चेन्नई, 24 जनवरी। चोट से उबर कर करीब छह महीने बाद रणजी ट्रॉफी के जरिये क्रिकेट के मैदान पर वापसी कर रहे भारत के हरफनमौला खिलाड़ी रवीन्द्र जडेजा मंगलवार को तमिलनाडु के खिलाफ एलीट ठुप-बी मुकाबले में कोई विकेट नहीं ले सके। एमए चिदंबरम स्टेडियम पर चार दिवसीय मैच के पहले दिन तमिलनाडु ने सौराष्ट्र के खिलाफ पहली पारी में चार विकेट खोकर 183 रन बना लिये। सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और बाबा अपराजित 45-45 रन बनाकर आउट हो गये, जबकि बाबा इंद्रजीत 45 रन के स्कोर पर नाबाद हैं।

सौराष्ट्र के लिये चिरागा जानी ने दो विकेट लिये जबकि युवराजसिंह डोडिया और धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने एक-एक विकेट लिया। रवींद्र जडेजा ने आज 17 ओवर गेंदबाजी की और दो मेडन ओवर के साथ 36 रन खर्च किये, हालांकि वह कोई सफलता हासिल नहीं कर सके।

तेजतर्रार क्षेत्ररक्षक जडेजा पिछले साल अगस्त में एशिया कप के दौरान चोटिल होने के बाद से बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब से गुजर रहे थे। भारत को नौ फरवरी से शुरू होने वाली चार मैचों की टेस्ट शृंखला में ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है, जहां जडेजा की उपस्थिति भारतीय टीम के लिये महत्वपूर्ण होगी।

एनसीए ने जडेजा को मैदान पर उतरने के लिये फिट घोषित कर दिया था, हालांकि बीसीसीआई ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय पटल पर लाने से पूर्व रणजी ट्रॉफी में उनकी फिटनेस का आंकलन करना बेहतर समझा। खेल के मैदान पर वापसी से उत्साहित जडेजा ने मैच से पूर्व कहा था कि उन्हें मैदान पर लौटना अच्छा लग रहा है। उन्होंने अपनी वापसी से टीम को फायदा होने की उम्मीद जताई थी, हालांकि उनकी प्राथमिकता अपना शत प्रतिशत देने के साथ-साथ मैदान पर फिट बने रहना होगा।

चेन्नई में जडेजा का प्रदर्शन उनकी भारतीय टीम में वापसी के दावे को पुख्ता करने में मदद करेगा। जडेजा ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 60 मैच खेलकर 36.57 की औसत से 2523 रन बनाये हैं,

# ऑस्ट्रेलिया ने स्पेन पर रोमांचक जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में कदम रखा

भुवनेश्वर, 24 जनवरी। तीन बार की हॉकी विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने अपने चौथे खिताब की ओर कदम बढ़ाते हुए मंगलवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में स्पेन को 4-3 से मात दी। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में जेरेमी हेवर्ड (32वां, 36वां) ने विजेता टीम के लिये दो गोल किये, जबकि फ्लिन ओगिल्वी (29वां) और एरन ज़लेउस्की (31वां) ने एक-एक गोल किया। स्पेन के गोल ज़ेवियर गिस्पर्ट (19वां), मार्क रेकैसन्स (23वां) और मार्क मिरालेस (40वां मिनट) ने किये।

# मोहम्मद शमी को पत्नी को गुजारा भत्ता देने का आदेश

### हर महीने 1 लाख 30 हजार रुपए देने होंगे, दोनों 2018 से अलग रह रहे हैं

नई दिल्ली, 24 जनवरी। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को उनकी पत्नी हसीन जहां को हर महीने गुजारा भत्ता देना होगा। कोलकाता के लोअर कोर्ट ने सोमवार को यह आदेश सुनाया। यह राशि 1 लाख 30 हजार रुपए होगी। इसमें 50 हजार रुपए हसीन जहां को और 80 हजार रुपए उनकी बेटी के खर्चे के शामिल हैं। दोनों 2018 से अलग-अलग रह रहे हैं और तलाक का केस चल रहा है।

हसीन जहां ने 2018 में 10 लाख रुपए के मासिक गुजारा भत्ता की मांग करते हुए अदालत में एक मुकदमा दायर किया था। इसमें 7 लाख रुपए उनका व्यक्तिगत गुजारा भत्ता और 3 लाख बेटी के भरण पोषण का खर्च था। हसीन जहां की शमी से मुलाकात साल 2011 में हुई। उस दौरान वे टीम कोलकाता नाईट राइडर्स के लिए चीयरलीडिंग करती थी। दोनों की शादी साल 2014 में हुई। हसीन जहां ने शादी के बाद मॉडलिंग और एक्टिंग छोड़ दी थी। जहां ने 2018 में शमी पर घरेलू हिंसा और मैच फिक्सिंग सहित कई आरोप लगाए थे। इसके बाद से दोनों अलग-अलग रहने लगे और तभी से तलाक का केस चल रहा है। 2018 में हसीन जहां ने फिर से अपने प्रोफेशन में कदम रखा ।

हसीन की वकील मृगांका मिस्त्री ने अदालत को बताया कि 2020-21 में शमी की सालाना आय 7 करोड़ रुपए थी। उसी के आधार पर गुजारा भत्ता की मांग की गई। इनकी दलील थी कि 10 लाख रुपए गुजारा भत्ता अनुचित नहीं है। अपील में शमी के आयकर रिटर्न का हवाला भी दिया गया। इस पर शमी के वकील सेलिम रहमान ने दावा किया कि हसीन जहां खुद एक पेशेवर फैशन मॉडल हैं। वे खुद कमा रही हैं। इसलिए इतना गुजारा भत्ता ठीक नहीं है। मार्च 2018 में जब शमी की हसीन जहां ने उन पर घरेलू हिंसा और मैच फिक्सिंग का आरोप लगाया था, तब ने शमी का कॉन्ट्रैक्ट रद्द कर दिया था। जांच में शमी निर्दोष पाए गए थे।




# मात्र चार साल में पेपर लीक की 16-17 घटनाएं, आखिर दोषी कौन है?

## विधानसभा में विपक्षी दलों के और सदन के बाहर अपनों के निशाने पर गहलोत सरकार

- मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा पेपर लीक मामले में सरकारी अधिकारियों व मंत्रियों को क्लीन चिट देने का हर ओर से भारी विरोध हो रहा है।
- पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट कह ही चुके हैं कि, जब कोई दोषी नहीं तो पेपर तिजोरी से बाहर कैसे आए। कांग्रेस के ही हरीश चौधरी ने भी कह दिया है कि, इन मामलों की सी.बी.आई. जांच कराई जाए।

जयपुर, 24 जनवरी (का.प्र.)। राजस्थान में पेपर लीक और नकल के प्रकरण को लेकर सरकार पूरी तरह से घिर गई है। विधानसभा में भाजपा और आरएलपी सदस्यों ने बजट सत्र शुरू होने के साथ ही सरकार की नाक में दम कर दिया है। वहीं सड़क पर भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने सरकार के खिलाफ ताल ठोक दी है। ऐसे में चुनावी वर्ष में सरकार के लिए पेपर लीक कांड से बाहर निकलना सबसे मुश्किल काम हो गया है। पिछले दिनों सरकार के चिंतन शिविर में मंत्रियों तक ने खुलकर कहा था कि पेपर लीक का मुद्दा सरकार के सारे कामों पर पानी फेर देगा।

दरअसल राजस्थान में पहली बार ऐसा हुआ है कि 4 साल के दौरान ही पेपर लीक की 16 से 17 घटनाएं सामने आई हैं। ना केवल युवाओं में भारी रोष है, बल्कि विपक्षी दलों को भी सरकार पर निशाना साधने का मौका मिल गया है। एक के बाद एक पेपर लीक होने और इस वजह से परीक्षाएं रद्द करने के बावजूद भी सरकार इन घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रही है, उलटे अधिकारियों को क्लीनचिट देने और विपक्ष को गलत ठहराने में जुटी हुई है।

खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कहते हैं कि पेपर लीक में कोई नेता और अधिकारी शामिल नहीं है। कांग्रेस के ही वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने इस पर आक्रामक तेवर अख्तियार करते हुए कहा, जब कोई नेता या अधिकारी शामिल नहीं है, तो पेपर तिजोरी से बाहर कैसे आए। बजट सत्र के दूसरे दिन कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी, जो पहले से ही मुख्यमंत्री से कई मसलों पर नाराजगी जताते रहे हैं, उन्होंने भी कहा है कि राजस्थान में पेपर लीक और नकल के मामलों की जांच निष्पक्ष और स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए। यह कहकर एक तरह से उन्होंने राजस्थान की, जो एजेंसियां जांच कर रही है उन पर अविश्वास जता दिया है।

पेपर लीक और नकल के मामलों में अब तक भाजपा नेता और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आर.एल.पी.) नेता हनुमान बेनीवाल ही सरकार पर सवाल उठा रहे थे, लेकिन पिछले दिनों जब सचिन पायलट ने पेपर लीक की घटनाओं को लेकर सरकार पर सवाल उठाए, तो सरकार की मुश्किले बढ़ गईं। दरअसल सरकार की समस्या यह है कि इस चुनावी वर्ष में बजट सत्र के बाद सरकार को चुनावी तैयारियों में उतरना है और इधर एक के बाद एक हुई 16 से 17 पेपर लीक घटनाएं होने के बाद युवाओं की सरकार से भारी नाराजगी है।

मुद्दा यह है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कह रहे हैं कि कोई भी अधिकारी और नेता पेपर लीक प्रकरण में शामिल नहीं है। ऐसे में यह सवाल पूछा जा रहा है कि जब कोई शामिल ही नहीं है तो रीट पेपर लीक मामले में डीपी जारोली को बर्खास्त क्यों किया गया।

## राहुल गांधी ने सार्वजनिक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

"इसलिये, मेरा मानना है कि बातचीत या संवाद बहुत महत्वपूर्ण होता है। हर बातचीत में ऐसे भी लोग होते ही हैं, जो हास्यास्पद बात कह देते हैं तथा इस मामले में मुझे बड़ा दुख है कि मुझे एक वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के बारे में ऐसा कहना पड़ रहा है कि उन्होंने एक बेतुकी बात कही है।"

उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता (आज़ाद) के साथ चले गये 90 प्रतिशत लोग कांग्रेस में वापस आ गये है तथा आज़ाद अकेले रह गये हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उन पर किये गये प्रहार को लेकर राहुल ने कहा कि वे ऐसा नहीं मानते कि राजनाथ जी अपने निजी विचार व्यक्त कर रहे थे। "वे एक ऐसी पार्टी में हैं, जहाँ शीर्ष नेतृत्व उन्हें बताता है कि उन्हें क्या कहना है। मेरे ख्याल से, उनकी कोई पसंद-नापसंद नहीं है। उनका बयान उन आदेशों का परिणाम है, जो भाजपा का सर्वोच्च नेतृत्व उन्हें देता है।"

## 'पॉक्सो के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वह केस कब से पेंडिंग है।

एक साल से ज्यादा पुराने पॉक्सो के पेंडिंग केसों की फाइल पर येलो फ्लैग लगाना होगा और फाइल के राइट हैंड साइड येलो फ्लैग केस लिखना होगा। वहीं दो साल से ज्यादा पुराने पॉक्सो केस की फाइल पर ऑरेंज फ्लैग लगाना होगा और उसकी फाइल पर भी ऑरेंज फ्लैग केस लिखना होगा। जबकि तीन साल से ज्यादा पुराने पॉक्सो केसों में लाल फ्लैग लगाना होगा और फाइल पर रेड फ्लैग केस लिखा जाएगा।

## 'पेपर लीक मामले में सी.एम. द्वारा अफसरों को क्लीन चिट देना गलत'

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर, 24 जनवरी। शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में अधिकारियों को क्लीन चिट देने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कांग्रेस के ही पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक हरीश चौधरी ने गलत ठहराया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए साफ कहा कि जांच पूरी हुए बिना ही अधिकारियों को क्लीन चिट देना गलत है। पेपर लीक होना बहुत बड़ा विषय है। किसी को भी क्लीन चिट नहीं देनी चाहिए, क्योंकि फिलहाल जांच जारी है।

हरीश चौधरी ने मंगलवार को सदन के भीतर भी विपक्ष द्वारा उठाई जा रही पेपरलीक की सीबीआई जांच की मांग का समर्थन भी किया।

उन्होंने कहा कि पेपरलीक गंभीर मसला है, युवाओं के भविष्य का सवाल है। पेपरलीक काण्ड में कोई भी दोषी हो, चाहे सरकारी कर्माचरी, उद्योगपति, अधिकारी या सामान्य नागरिक। सरकार को उसकी पृष्ठभूमि को देखे बिना कार्रवाई करनी चाहिए। अभी पेपरलीक मुख्य मुद्दा है, लेकिन उस पर बहस ना होना ठीक नहीं है।

## 'हम चलते...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण मामलों की जांच की। कई बार उन्हें जांच के दौरान राजनीतिक हस्तक्षेप का सामना करना पड़ा, लेकिन निर्भिक राजेन्द्र शेखर अपने कार्य में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नापंसद करते थे।बोफोर्स मामला जब अपने परवान पर था, उस समय राजेन्द्र शेखर सी.बी.आई. के प्रमुख या डायरेक्टर थे। कांग्रेस सरकार के राज में राजीव गांधी पर बोफोर्स निर्माता से 64 करोड़ रू. की रिश्वत लेने का आरोप लगा था। कैबिनेट सैक्रेटरी विनोद पाण्डे, जो राजस्थान काडर के ही आई.ए.एस. थे ने एक उच्च पदस्थ बैठक बुलाई। रक्षा सचिव नरेश चन्द्र, जो राजस्थान काडर के ही आई.ए.एस. थे, और एक और सचिव पी. दण्डपाणी तथा भूरेलाल और राजेन्द्र शेखर के साथ गहन मंथन कर रहे थे।

## दिल्ली के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की नई तारीख तक के लिए सदन को स्थगित कर दिया। नगर निगम द्वारा प्रथम मेयर व डिप्टी मेयर के चुनाव का यह दूसरा प्रयास था। आम आदमी पार्टी (आप), जिसे चुनाव में बहुमत मिला था, ने शैली ओबरॉय तथा आले मोहम्मद इकबाल को क्रमश: मेयर तथा डिप्टी मेयर के पद के लिए अपने प्रत्याशी के रूप में उतारा था।

## दुर्गापुरा के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इसमें से करीब 71 हजार रुपए जमा कराए जा चुके हैं। इसके बावजूद भी स्कूल प्रशासन ने अवैध तरीके से इस राशि को पिछले सत्र की फीस में समायोजित कर लिया।

## छात्र संगठन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्क्रीनिंग की अनुमति नहीं देनी चाहिए। यह एक राष्ट्र विरोधी कदम है तथा मुख्यमंत्री को इस मामले में दखल देकर स्क्रीनिंग रोकनी चाहिए। स्क्रीनिंग का मतलब होगा विदेशी ताकतों को भारत की एकता और अखंडता पर हमला करने का मौका देना।

## रिजिजू ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पारित कर दिया था। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने 2015 में उक्त नैशनल जुडिशियल अपॉइन्टमैंट एक्ट रद्द कर दिया था। उस समय एक नया आयाम ग्रहण कर लिया, जब उपराष्ट्रपति धनखड़ शुद्ध रूप से सरकार के वकील की भूमिका निभाते हुये, इस लड़ाई में कूद पड़े।




राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908